


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


लियो के बाद अपनी अगली फिल्म...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 24 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 153 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## 20 हजार भारतीयों को संबोधित करते हुए बोले पीएम नरेन्द्र मोदी–

# 2014 में किया था वादा, 28 साल तक किसी प्रधानमंत्री का नहीं करना होगा इंतजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कई ऑस्ट्रेलियाई प्रभावितों और सीईओ के साथ मुलाकात की और फिर सिडनी ओलंपिक पार्क में कुडोस बैंक एरिना में एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम में 20 हजार से ज्यादा लोगों के बीच अपना संबोधन दिया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने उनका स्वागत गर्मजोशी से किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया और मोदी–मोदी के नारों से भी पूरा समारोह स्थल गूंज उठा। पीएम मोदी ने नमस्ते ऑस्टेलिया कहते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने पीएम अल्बनिस, पूर्व प्रधानमंत्री स्काट मॉरिशन और अन्य मंत्रियों व प्रवासी भारतीयों को उपस्थिति होने पर नमस्कार कहा। पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं 2014 में आया था तो आपसे एक वादा किया था। वादा ये था कि आपको फिर भारत के किसी प्रधानमंत्री का 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लिजिए मैं फिर हाजिर हूं। मैं अकेला नहीं आया हूं। प्रधानमंत्री अल्बनिस भी मेरे साथ आए हैं। उन्होंने अपने बहुत व्यस्थ कार्यक्रम में से हमारे लिए समय निकाला है। ये हम भारतीयों के प्रति स्नेह को दर्शाता है। ये दिखाता है कि ऑस्ट्रेलिया के मन में भारत के प्रति कितना प्रेम है।

पीएम मोदी ने कहा कि इसी वर्ष मुझे अहमदाबाद में स्वागत करने का मौका मिला था। आज उन्होंने लिटिल इंडिया के फाउंडेशन को अनबिल करने में मेरा साथ दिया है। इसके लिए मेरे दोस्त अल्बनिस का धन्यवाद। मुझे खुशी है कि न्यू साउथ वेल्स में प्रवासी भारतीय समुदाय से कई लोग सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। अपनी पहचान बना रहे हैं। डिप्टी प्रीमियर, ट्रेजर्र डेनियल मुखी बड़ा योगदान दे रहे हैं। कल ही पैरामाटा के समीर पांडेय लॉर्ड मेयर चुने गए हैं। मैं सभी का अभिनंदन करता हूं और बधाई देता हूं। कोरोना महामारी में जिस देश ने दुनिया का सबसे तेज वैक्सीनेशन कार्यक्रम किया वो भारत है, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती



बड़ी अर्थव्यवस्था है, आज भारत दुनिया में नंबर 1 स्मार्ट फोन डेटा उपभोक्ता है......अब जो देश अगले 25 साल में विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है वो भारत है। ब्रिसबेन में नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा : पीएम मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मैं आपके बीच आया हूं कि तो मैं एक घोषणा भी करने जा रहा हूं। ब्रिसबेन में भारतीय समुदाय की बहुत समय से जो मांग थी, अब उसे पूरा किया जाएगा। जल्द ही ब्रिसबेन में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में जिस देश ने दुनिया का सबसे तेज वैक्सीनेशन कार्यक्रम किया वो भारत है, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, आज भारत दुनिया में नंबर 1 स्मार्ट फोन डेटा उपभोक्ता है......अब जो देश अगले 25 साल में विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है वो भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि अगले 25 साल में विकसित होने के लक्ष्य के साथ जो देश आगे बढ़ रहा है वो देश भारत है। आज प्डथ भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का उज्ज्वल बिन्दु मानता है। वर्ल्ड बैंक का विश्वास है कि ग्लोबल हेडविंड्स को अगर कोई चुनौती दे रहा है तो वो भारत है। हैरिस पार्क बना लिटिल इंडियाः हैरिस पार्क की सड़कें इन दिनों अलग ही उत्साह से जीवंत हैं और नारंगी, सफेद और हरे रंग से सजी नजर आई रही हैं। पीएम मोदी के सिडनी पहुंचने के बाद ऑस्टेलिया सरकार ने हैरिस पार्क का नाम बदलकर लिटिल इंडिया कर दिया है। 2021 की जनगणना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 600,000 से अधिक भारवंशीहैं। इसमें हैरिस पार्क के 45 प्रतिशत निवासी शामिल हैं। द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने पर जोर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पापुआ न्यू गिनी की अपनी यात्रा के समापन के बाद तीन देशों की अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण के तहत कल सिडनी पहुंचे। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी दूसरी आस्ट्रेलिया यात्रा है। उनके सिडनी पहुंचने पर भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओफ्फारेल और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सिडनी पहुंचने पर पीएम मोदी ने स्थानीय मीडिया से कहा कि वह द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं क्योंकि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। मोदी के आगमन से पहले प्रधानमंत्री अल्बनीस ने एक बयान में कहा कि इस साल की शुरुआत में भारत में बेहद गर्मजोशी से स्वागत करने के बाद, मैं ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# जंतर–मंतर से इंडिया गेट तक पहलवानों का कैंडल मार्च

### बजरंग पूनिया बोले– हम आखिरी सांस तक लड़ाई जारी रखेंगे

नई दिल्ली। कुछ महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवान मंगलवार शाम दिल्ली में कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। विरोध से पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया ने कहा कि सभी देखेंगे कि कितने पहलवान उनका समर्थन कर रहे हैं। आज कैंडल मार्च में कैंडल मार्च को लेकर




दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर से इंडिया गेट तक व्यापक इंतजाम किए हैं। बजरंग पुनिया ने कहा कि यह कुछ पति–पत्नियों का विरोध नहीं है, बल्कि यह इस देश के हजारों पहलवानों का विरोध है। बृजभूषण सिंह खुद देखेंगे कि देश भर के कितने पहलवान हमारे साथ जुड़ रहे हैं। पुनिया की टिप्पणी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख के बयान को लेकर थी जिसमें उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध कुछ पति–पत्नियों के दिमाग की उपज बताया था।

# राहुल गांधी पर स्मृति ईरानी का तंज

## वह वायनाड में रहते हैं तो इसका भी हाल अमेठी जैसा होगा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जबरदस्त तरीके से हमलावर रही हैं। एक बार फिर से उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने केरल से राहुल गांधी पर प्रहार किया है। राहुल पर हमला करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि गांधी वंशज अमेठी सीट उनसे हार गए थे और उन्होंने वायनाड के विकास के लिए काम नहीं किया। अपने तंज भरे बयान में उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि जो आज वायनाड के सांसद हैं उनको उत्तर प्रदेश से मैंने ही रवाना किया था। जब वे अमेठी के सांसद थे तब 80: लोगों के पास बिजली नहीं थी।...वे यहां रहेंगे तो इसका हाल भी वैसा ही होगा जैसे उन्होंने अमेठी में किया था। वे यहां ना रहें इसकी व्यवस्था आप सबको करनी है। दरअसल, स्मृति ईरानी तिरुवनंतपुरम में भारतीय मजदूर संघ के राज्य महिला अधिवेशन को संबोधित कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि जब वह अमेठी से सांसद थे, तब वहां 80 प्रतिशत लोगों के पास बिजली



कनेक्शन नहीं था, जिलाधिकारी कार्यालय नहीं था, दमकल केंद्र नहीं था, कोई मेडिकल कॉलेज नहीं था, कोई केंद्रीय विद्यालय या सैनिक स्कूल नहीं था और जिला अस्पताल में डायलिसिस सेंटर या एक्स–रे मशीन नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि गांधी के जाने के बाद वहां ये सारी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा संभव हुआ। इसलिए, अगर वह वायनाड में रहते हैं, तो इसका भी वही हश्र होगा जो अमेठी का हुआ। इसलिए, आप (लोगों) को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह यहां नहीं रहें। आपको बता दें कि आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने से पहले गांधी वायनाड लोकसभा क्षेत्र से सांसद थे। ईरानी ने कहा कि वह जहां भी रहती हैं, चाहे दिल्ली में हों या अमेठी में, उन्हें वायनाड की बहुत चिंता रहती है, इसलिए वहां की 250 आंगनवाड़ियों को सक्षम आंगनवाड़ियों में बदलने का फैसला किया है। सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंगनवाड़ी छह सेवाएं– पूरक पोषण, प्री–स्कूल गैर–औपचारिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं सभी पात्र लाभार्थियों को प्रदान करती हैं।

# दहेज हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले की एक स्थानीय अदालत ने सात साल पुराने दहेज हत्या के एक मामले में पति को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी है तथा उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) संतोष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मृतक महिला के पति संजय को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने साक्ष्य्य के अभाव में अन्ध्य दो आरोपियों को बरी कर दिया। मिश्रा ने बताया कि प्रीति की जून 2011 में कोठीभार थाना क्षेत्र निवासी संजय पटेल के साथ शादी हुई थी। घटना के वक्त 21 साल की आयु की प्रीति 18 मार्च 2016 को पति से झगड़े बाद लापता हो गयी थी और अगले दिन उसका शव निचलौल थाना क्षेत्र के सेमरा चौराहे से बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि मृतक महिला के पिता रामलाल पटेल ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर प्रीति के पति और सास–ससुर ने उनकी बेटी की हत्या कर दी।

# ज्ञानवापी केसः वाराणसी जिला अदालत ने सुनाया फैसला, सभी 7 मामलों की एक साथ होगी सुनवाई

वाराणसी। जिला न्यायालय ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी सात मामलों की सुनवाई एक साथ होगी। वाराणसी के जिला जज ने आदेश दिया कि ज्ञानवापी मामले से जुड़े सभी सातों मामलों की अब एक साथ सुनवाई होगी। कल जिला जज ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ज्ञानवापी से जुड़े सभी सातों मुकदमों की सुनवाई अब एक साथ होगी। वाराणसी जिला अदालत ने मंगलवार को इस संबंध में फैसला सुनाया। इसे लेकर हिंदू पक्ष ने याचिका दायर की थी। अगस्त 2021 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी स्थल पर नियमित पूजा करने के अधिकार की मांग को लेकर पांच महिलाओं ने स्थानीय अदालत में याचिका दायर की थी। अप्रैल 2022 में, एक वरिष्ठ डिवीजन कोर्ट ने मस्जिद परिसर में एक सर्वेक्षण का आदेश दिया। सर्वे मई 2022 में पूरा हुआ था। इस दौरान कथित तौर पर



मस्जिद में एक शिवलिंग मिला था। हालांकि मुस्लिम पक्ष का कहना था कि यह एक फव्वारा था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल एक वीडियोग्राफिक सर्वेक्षण के दौरान वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पाए गए एक षशिवलिंगष के कार्बन डेटिंग सहित षवैज्ञानिक सर्वेक्षणष को टाल दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के निहितार्थ के बाद से कि शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की अनुमति मिलने पर बारीकी से जांच की जाएगी, आदेश में संबंधित निर्देशों का क्रियान्वयन अगली तिथि तक स्थगित रहेगा। हाई कोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कथित शशिवलिंगश का श्वैज्ञानिक सर्वेक्षणश कराने का आदेश दिया गया था।

# केंद्र के 'तानाशाही' अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों से समर्थन मांगेगी 'आप' : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश को राज्यसभा में बाधित करने की कवायद के तौर पर विपक्षी दलों का समर्थन मांगेगी। केंद्र सरकार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और दानिक्स (डीएएनआईसीएस) कैडर के अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के वास्ते 19 मई को अध्यादेश लेकर आई थी। यह अध्यादेश उच्चतम न्यायालय के उस फैसले को पलटता है, जिसके तहत शीर्ष अदालत ने पुलिस, लोक सेवा और भूमि से संबंधित विषयों को लेकर सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली की चुनी हुई सरकार को सौंप दिया था। चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के लिए 98 आपात प्रतिक्रिया वाहनों




को हरी झंडी दिखाने के बाद मान ने पत्रकारों से बातचीत में यह 'तानाशाही' अध्यादेश लाने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा और उस पर राज्य के अधिकारों में दखल देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'आप' इस मामले में केंद्र के खिलाफ लड़ाई में राजनीतिक दलों का समर्थन जुटाने के लिए देशभर की यात्रा करेगी। मान ने कहा, ''आज हम पश्चिम बंगाल जा रहे हैं और कल हम महाराष्ट्र जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि 'आप' संसद के ऊपरी सदन में इस अध्यादेश को पारित होने से रोकने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन मांग रही है।




# सचिन पायलट के खिलाफ एक्शन लेगी कांग्रेस? जानें सुखजिंदर सिंह रंधावा ने क्या कहा

राजस्थान में जबरदस्त तरीके से कांग्रेस के भीतर वार–पलटवार की राजनीति की जा रही है। भ्रष्टाचार को लेकर अपनी ही सरकार पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट हमलावर हैं। पिछले दिनों उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मार्च निकाला था। इस मार्च के द्वारा उन्हें राजस्थान की सरकार को साफ तौर पर अल्टीमेटम दे दिया और कहा कि अगर भ्रष्टाचार को लेकर कार्रवाई नहीं होती है तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि, कांग्रेस सचिन पायलट के साथ खड़ी नजर नहीं आ रही है। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा कई बार यह कह चुके हैं कि सचिन पायलट गलत रास्ते पर जा रहे हैं। उनसे लगातार सचिन पायलट के खिलाफ एक्शन को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। वहीं, आज सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि वे (अशोक गहलोत–सचिन पायलट) राजस्थान में एकमात्र नेता नहीं हैं। कई अन्य नेता हैं। मैं उन सभी से, सभी समुदायों के नेताओं से बात कर रहा हूं। सचिन पायलट की शजन संघर्ष यात्राश पर राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि उन्होंने सीएम को अल्टीमेटम दिया है। यह सीएम ही हैं जो उनके अल्टीमेटम का



जवाब दे सकते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब कांग्रेस पार्टी की बात आती है, तो मैं निश्चित रूप से आपको जवाब दूंगा। इससे पहले जब उनसे सचिन पायलट के भविष्य के बारे में पूछा तो उन्ध्होंने कोई नाम लिए बिना कहा कि पार्टी तो कभी किसी को नहीं निकालना चाहती। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो हर आदमी का सत्कार करती है और जो पुराने हैं उनको तो कभी भी नहीं छोड़ना चाहती। रंधावा ने कहा कि कांग्रेस ने कध्सिी को नहीं छोड़ा (निध्काला), और जो कांग्रेस को छोड़कर गया है उसका जो हाल हुआ है उसे आप सब जानते हैं। उल्ध्लेखनीय है कधि पायलट ने अपनी पांच दिन की जनसंघर्ष पदयात्रा के समापन पर सोमवार को जयपुर में आयोजध्ति सभा में सरकार के सामने तीन मांग रखींजिनमें राजस्ध्थान लोकसेवा आयोग (आरपीएससी) को बंद कर इसका पुनर्गठन करना, परीक्षा पत्र लीक होने से प्रभावित प्रत्येक नौजवान को उचित आर्थिक मुआवजा देना और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ लगे आरोपों की उच्ध्चस्ध्तरीय जांच कराना शामिल है।

# स्कॉलर्स एकेडमी बना स्कॉलर्स की पहचान: गोविंद राम

**■ स्कॉलर्स एकेडमी मे मेधावी सम्मान समारोह 2023 का हुआ आगाज**
**■ हाई स्कूल ,इंटर के 25 टॉप टेन को मिला मेडल व सम्मान**

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। इरादे बुलंद हो तो कामयाबी कदम चुनती है यह पंक्तियां स्कॉलर्स एकेडमी इंटर कॉलेज के मेधावियो के साथ–साथ मैनेजमेंट पर सटीक बैठती है। विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों की दृढ़ इच्छाशक्ति यूपी बोर्ड टॉप टेन सूची में साफ नजर आई विद्यालय के हाई स्कूल में टॉप टेन के 5 छात्र एवं इंटरमीडिएट के 6 छात्र टॉप टेन में शामिल होकर न केवल स्कॉलर्स एकेडमी का मान बढ़ाया है बल्कि उतरौला क्षेत्र के साथ जिले का नाम रोशन किया है।छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध तंत्र ने एक शाम टॉपर के नाम पर मेधावी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया कार्यक्रम में पहली बार जहां हाई स्कूल इंटर के टॉपर को सम्मानित किया गया वहीं पर जिले के चिकित्सा शिक्षाविदों के साथ देश–विदेश ख्याति प्राप्त गंगा जमुनी तहजीब के प्रति मशहूर शायर समाजसेवी एवं राष्ट्र के चौथे स्तंभ मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया हैं। मेधावी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम एवं साकेत महाविद्यालय अयोध्या के प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह रहे हैं वहीं विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर ओपी यादव प्रोफेसर डॉक्टर ए के मिश्रा एवं एलबीएस डिग्री कॉलेज गोंडा के प्रोफेसर डॉ शिव शरण शुक्ला एवं डॉ चंदन पांडे रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साकेत महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अरविंद कुमार शर्मा एवं डायरेक्टर असलम शेर खान ने अतिथियों से दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से शुभारंभ किया विद्यालय मैनेजर डॉ रेखा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा से उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के समूह




को अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उतरौला के धरती पर स्कॉलर एकेडमी के नाम से जो पौधा वर्षों पूर्व लगाया गया था वह आज छायादार फलदार वट वृक्ष के रूप में सेवाएं दे रहा है इसके लिए विद्यालय के त्रिदेव कहे जाने वाले डॉ अरविंद कुमार शर्मा डॉ रेखा शर्मा एवं असलम शेर खान के अथक प्रयास संघर्ष एवं मेहनत का फल है डॉक्टर अभय कुमार सिंह एवं डॉ शिव शरण शुक्ला ने बोर्ड में हाईस्कूल इंटर टॉपर को और अधिक मेहनत करके अपने लक्ष्य को हासिल करने का मूल मंत्र बताया विद्यालय के बच्चों ने महिला सशक्तिकरण की मनमोहक प्रस्तुति कर छात्रा प्रज्वला सिंह ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया वही सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के माध्यम से विद्यालय के छात्र समूह ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया छात्र अवनीश त्रिपाठी के ओजस्वी देशभक्ति भाषण ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वही छात्र अमन गुप्ता की सूर्य नमस्कार की अद्भुत प्रस्तुति ने लोगों को फिट रहने के लिए योगा करने को मजबूर कर दिया छात्र इशांत पटवा की मनमोहक गिटार वादन प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम में विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर असलम शेर खान ने कहा कि मेधावी के साथ जिले के नामचीन हस्तियों को एक साथ मंच पर लाकर सम्मानित करना सौभाग्य की बात कही मुख्य अतिथियों के साथ विद्यालय प्रबंध निदेशक डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल ने शिक्षाविद देवता प्रसाद तिवारी शिक्षक एवं मशहूर शायर उस्मान उतरौलवी एमवाई उस्मानी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल अबू हासिम के साथ मेधावी की पौधशाला तैयार करने वाले यूपी सेल्फ फाइनेंस मैनेजर प्रिंसिपल वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष एवं प्रबंधक डॉ एमपी तिवारी संयोजक डॉक्टर अविनाश पांडे महासचिव डॉ पम्मी पांडे सचिव रीता चौधरी संयुक्त सचिव अंसार अहमद कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी सहित गोंडा के जिलाध्यक्ष व गीता इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधक रितेश अग्रवाल एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर विमल कुमार राय श्री राम पब्लिक स्कूल गोंडा मैनेजिंग डायरेक्टर रवि कुमार रस्तोगी सहित ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉक्टर एहसान डॉक्टर अताउल्लाह खान को स्मृति चिन्ह साल अतिथियों के हाथों भेंट करा कर सम्मानित किया है सम्मान के क्रम में राष्ट्र के चौथे स्तंभ के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अविनाश पांडे राजन श्रीवास्तव एडवोकेट नरेंद्र पटवा बजरंगी गुप्ता सौरभ मिश्रा गिरीश मिश्रा वाजिद हुसैन सुशील श्रीवास्तव विनय कुमार आदि मीडिया कर्मियों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया विद्यालय डायरेक्टर असलम शेर खान ने कहा कि कोविड–19 चिकित्सकों के साथ मीडिया कर्मी की अहम भूमिका रही है आज इन्हें सम्मानित करके विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की तरफ से हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉप टेन में हाई स्कूल टॉपर शिखा भट्ट एवं इंटर मोहम्मद अरशल सहित 25 मेधावी को स्मृति चिन्ह मेडल प्रशस्ति पत्र उपहार के साथ 1100 रुपए प्रति मेधावी को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ इन मेधावी के माता पिता को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर विद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ रेखा शर्मा एवं डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने सम्मानित कर इनके हौसले को बढ़ाया है कार्यक्रम में विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया प्रबंधक डॉ रेखा शर्मा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम आयोजन की सफलता में विद्यालय प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए अतिथियों को सदैव ऐसे ही सहयोग देते रहने की अपील की है कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर असलम शेर खान ने अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की है इस दौरान कार्यक्रम को सफल आयोजन में विशेष सहयोगी के रुप में विद्यालय प्रिंसिपल संदीप कुमार गुप्ता आयशा खान शाहिद रजा काजल भानपुर हर्षिता पांडे शिवांगी गुप्ता की अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम समापन पर विद्यालय के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया है।

## भाजपा ने आयोजित मंडल कार्य सिमिति की बैठक गौरा विधायक के नेतृत्व मे हुवा सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मंडल






कार्यसमिति की बैठक विधानसभा गौरा के मंडल मसकनवा तथा मंडल छपिया का कार्यसमिति का आयोजन किया गया मंडल बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा उपस्थित हुए संगठन के दृश्य से मंडल छपिया में मुख्य वक्ता के रूप में श्रवण शुक्ला जिला कार्यसमिति तथा मंडल मसकनवा में मुख्य वक्ता प्रमोद आर चंचल उपस्थित हुए विधायक गौरा ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित महा संपर्क अभियान आयोजित किया गया है जिसमें बूथ स्तर पर घर घर केंद्र सरकार राज्य सरकार के विकास कार्यों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर–घर अभियान चलाकर जागरूक करें केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा लाभांवित लोगों को उनके घर जाकर सम्मानित करेंगे 21 जून से लेकर 30 जून 2023 तक यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता लगाए गए हैं इस अवसर पर मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष छपिया जसवंत सिंह, मंडल रामचंद्र वर्मा, राजन सिंह, पिंकू सिंह, दिनेश पांडेय, राम तीरथ वर्मा, राम लोटन यादव, अनिल कुमार वर्मा, विक्रम प्रसाद, जगन्नाथ चतुर्वेदी, भूपेश मिश्रा, बीडी पांडेय, दिलीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री बाबा नीम करौली सेवा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौलाध्बलरामपुर। ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के





पर श्री हनुमानगढ़ी मंदिर व श्यामा प्रसाद मुखार्जी चौराहे पर श्री बाबा नीम करौली सेवा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में उतरौला विधायक श्री बाबा नीम करौली सेवा समिति के अध्यक्ष रामप्रताप वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता प्रसाद वितरण करके भंडारे का शुभारंभ किया। श्री बाबा नीम करौली सेवा समिति के अध्यक्ष व विधायक रामप्रताप ने कहा की श्री बालाजी हनुमान जी महाराज व श्री बाबा नीम करौली महाराज हम सब पर अपनी कृपा सदैव बनायें रखे। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, सीवी माथुर, रमेश जायसवाल, सभासद अभिषेक गुप्ता, नीरज गुप्ता, शशांक वर्मा, जय वर्मा, देवानंद गुप्ता, दद्दन त्रिपाठी, राहुल राज गुप्ता, फणींद्र गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबादी को जोड़ने वाली सड़क पिछले डेढ़ दशक से जर्जर

### मुख्य मार्ग से मोहल्ला पटेल नगर राजा बाजार मार्ग बदहाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। उतरौला नगर के मुख्य मार्ग से मोहल्ला पटेल नगर राजा बाजार, अल्लाह नगर, फगुइया, कटिवा डिहवा, रजभरिया, रुस्तम नगर, फतेहपुर, बिरदा, बनियाभारी की बीस हजार से अधिक की आबादी को जोड़ने वाली सड़क पिछले डेढ़ दशक से जर्जर है। नगर के मुख्य मार्ग से राजा बाजार, पटेल नगर के अंतिम छोर तक करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क को पार करने में ज्यादा से ज्यादा तीन मिनट लगने चाहिए, सड़क पूरी तरह टूटा व गड्ढा युक्त होने से अब इसे पार करने आधा घंटा लग रहा है। सड़क में जगह–जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में इस सड़क पर चलना वाहन चालकों के लिए टेढ़ी खीर साबित होता है। आए दिन दोपहिया वाहन सवार इस सड़क



पर गिरकर चोटिल होते हैं। आसिफ, इमरान भोलू, राजू, गुड्डू, आजम, अकरम, भोंदू, जमाल,आसिम, काजिम ने बताया कि हम सभी मोहल्ला वासी लंबे समय से इस सड़क निर्माण के लिए हम संघर्षरत हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकलता। अधिकारी वित्तीय मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कहते रहते हैं। लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी है। लोगों को खासी परेशानी हो रही है। हमेशा विभागीय आश्वासन ही मिले हैं, लेकिन सड़क नहीं बनी। गड्ढों में वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। अक्षर ई–रिक्शा इन गड्ढा युक्त सड़कों पर पलट जाते हैं जिससे तमाम महिलाएं व बच्चे चोटिल भी होते हैं। हम हर रोज परेशान होते हैं, लेकिन अधिकारी नहीं सुनते। आदर्श नगर पालिका होने के बावजूद भी इस सड़क पर स्थित उतरौला राजमहल से मुख्य मार्ग तक अभी भी नाली निर्माण नहीं हो पाया है। जिस कारण जल निकासी की भी गंभीर समस्या बनी रहती है। नगर पालिका के मुख्य लिपिक नीरज गुप्ता का कहना है कि पिछले वित्तीय वर्ष में इस सड़क के सीसी निर्माण का टेंडर हो चुका था किन्हीं कारणवश जिलाधिकारी के निर्देशानुसार टेंडर निरस्त हो गया। सड़क निर्माण के लिए नया प्रस्ताव तैयार है। बोर्ड का गठन होते ही प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाए तो इस सड़क का निर्माण शुरू होने में देर नहीं लगेगी।

## किसानों की मांगे पूरी होने पर धरना स्थगित उपजिलाधिकारी ने दिलाया भरोसा

### भारतीय किसान यूनियन के धरने के 55 वे दिन झुका प्रशासन, लगभग सभी बिंदुओं पर कार्यवाही का दिया आश्वासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। भारतीय किसान यूनियन का अनवरत पिछले कई दिनों से ब्लॉक बभनजोत मुख्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को स्थगित कर दिया गया। तहसीलदार मनकापुर परशुराम ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की लगभग सभी मांगों को लिखित में स्वीकार कर 55 दिनों से चल रहा धरना स्थगित करा दिया। इससे पहले उप जिलाधिकारी मनकापुर में तहसील मुख्यालय पर किसान पदाधिकारियों से वार्ता कर किसानों की मांगे पूरी करने का भरोसा दिलाया गया था जिसको



लेकर मंगलवार को तहसीलदार ब्लॉक मुख्यालय बभनजोत धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की मांगों को मानते हुए धरना स्थगित करा दिया स लगभग 2 महीने से चल रहे धरने के बीच में कई बार किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने शासन प्रशासन के खिलाफ अपना रोष प्रकट कर नारेबाजी भी की थी और गौरा चौकी पुलिस चौकी के सामने रोड पर बैठकर खूब हंगामा भी किया था। किसानों की प्रमुख मांगों में ग्राम सभा दौलतपुर ग्रांट में खरंजा निर्माण, प्रधान प्रतिनिधि द्वारा संगठन पर अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में, वर्षों से एक ही क्षेत्र में कार्य कर रहे लेखपाल गिरीश चंद श्रीवास्तव के स्थानांतरण, रसूलपुर खान के जल निकासी संबंधित, पिपरा इस्माइल विद्यालय में बच्चों को आने जाने के लिए पुल की मांग, कोटेदारों द्वारा अनियमित घटतोली समेत कई मांगों को लेकर किसानों ने धरना दिया हुआ था।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की , पोस्टमार्टम के लिए भेजा



दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। गोंडा बस्ती रेल मार्ग पर मोतीगंज झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच मोतीगंज के पूरब तरफ रामपुर गांव के पास मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे माल ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जिसकी सूचना उक्त ट्रेन के चालक ने स्टेशन मास्टर मोतीगंज को दी सूचना मिलते ही मोतीगंज स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल पुलिस मनकापुर तथा स्थानीय पुलिस को दी मौके पर मोतीगंज थाने के उपनिरीक्षक त्रिपुरारी ओझा तथा मनकापुर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल मदन राम मौके पर पहुंचे और मोतीगंज थाने के उपनिरीक्षक त्रिपुरारी ओझा ने शव की पहचान कराई तो उसकी पहचान मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर के मजरा खखरेभारी के रूप में मृतका की पहचान हुई आरपीएफ के हेड कांस्टेबल मदन राम तथा मोतीगंज थाने के उपनिरीक्षक त्रिपुरारी ओझा ने बताया कि मृतका का नाम श्रीमती है उसके पति का नाम काशीराम है जो मूल रूप से रामपुर के मजरा खखरेभारी की निवासिनी है उम्र करीब 45 वर्ष रहा होगा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## तीसरे बड़े मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन

### खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में जेठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को



जगह–जगह पर विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन हुआ पूरे दिन सुबह से लेकर शाम तक भक्तजनों के द्वारा जगह–जगह पर प्रसाद वितरण के स्टाल लगाए गए जेठ माह के चिलचिलाती धूप में ठंडे जल के साथ पूरी सब्जी दाल चावल मिष्ठान मोदक का भोग लगाकर हनुमान जी का प्रसाद भक्त द्वारा जनता के बीच बलरामपुर वीर विनय चौराहा बहराइच रोड पर कई जगह पर डब्बू आचार्य के न नई बिल्डिंग के पास, पुरानी बाजार कपड़ा घर पर एवं अन्य जगहों पर भी प्रसाद वितरण का कार्य व्यापक रूप से किया गया उक्त कार्यक्रम में डब्बू आचार्य, शिशु, मोनू, पत्रकार शीतला प्रसाद मिश्रा अन्य पत्रकार साथियों के साथ सहयोग एवं प्रसाद ग्रहण किया गया।

## डीएम ने किया अभ्युदय कोचिंग में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन,छात्रो को दिया सफलता का टिप्स

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा डाइट में प्रतियोगी



परीक्षाओं को तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निशुल्क संचालित अभ्युदय कोचिंग में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। स्मार्ट क्लास में लाइव क्लास की सुविधा मिलेगी, जिससे की अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी भी पढ़ाई कर सकेंगे। इस दौरान डीएम से छात्रों ने परीक्षा की तैयारी कैसे करें, समय मैनेजमेंट कैसे करें, कितने घंटे पढ़ाई करें,परीक्षा को लेकर तनाव से कैसे निपटें, सिविल सर्विस में कौन से विषय चुने आदि सवाल पूछे। डीएम द्वारा छात्रों को विस्तार पूर्वक उनके सवालों का जवाब दिया गया एवं सफलता के टिप्स दिए गए। उन्होंने कहा कि समय को लेकर छात्र परेशान ना हो। 7 से 8 घंटे की पढ़ाई में सिविल सर्विसेज पास किया जा सकता है, केवल जरूरत है कि अपना एनर्जी केवल पढ़ाई में ही लगाया जाए अन्य चीजों से दूर रहा जाए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा समय–समय पर आकर छात्रों को क्लास दी जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, अभ्युदय कोचिंग के को ऑर्डिनेटर व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दी है।जैसे जैसे दिन गुजर रहे हैं वैसे वैसे गर्मी अपने पूरे सबाब पर दिखती नजर आ रही है।रविवार को सूरज के तीखे तेवरों का असर सड़कों पर देखने को मिला सुबह आठ बजे के बाद तेज धूप लोगों को चुभती दिखाई दी। दोपहर में भगवान भास्कर तपन इतनी तेज थी कि पैदल राहगीरों को रास्ते में रूक रूककर अपना सफर तय करना पड़ा, सड़कों पर सन्नाटा छाया दिखाई दिया। आवश्यक कार्य वाले ही घरों से बाहर निकले धूप से बचने के लिए महिलाएं व युवतियां अपने दुपट्टे से मुंह ढक कर चल रही थी वर्तमान समय में हालत यह है कि सुबह से निकली सूर्य की किरणें लोगों को चुभती नजर आ रही है। हालाकि दिनों दिन बढ़ रही तपिश के कारण तेज धूप से लोग विल बिलाते नजर आए। आलम यह रहा कि छोटे छोटे बच्चों को दस्त उल्टी का शिकायत होने लगी। रास्ते में चलने वाले महिला पुरूषों को तीखी धूप का सामना करना पड़ा।तेज धूप के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। गर्मी बढ़ने से लोग शीतल पेय पदार्थों की ओर दौड़ने लगे राहगीरों को जहां भी हरा वृक्ष दिखाई देते वे हीं आराम फरमाने लगते। अधिकांश लोग सुबह शाम ही अपने घरों से बाहर निकलकर अपने सभी काम को निपटाकर घरों में दुबक जाते हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक सम्पन्न




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थित में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराये तथा जिन लाभार्थियों को प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं हुआ है उसको शीघ्र ही उनके खाते में भेजा जाये।

इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले सहायक विकास अधिकारी पंचायत के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। व्यक्तिगत शौचालय का जियो टैग कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर सामुदायिक शौचालय बन गये है उनका संचालन सुनिश्चित कराये। समय से खुले एवं साफ–सफाई व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत के मिनी सचिवालय भी समय से खुले। आर.आर.सी. सेन्टर के निर्माण के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 राहुल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, समस्त एडीओ पंचायत आदि उपस्थित थे।

# सवारी वाहनों के जाम से नादेपार रोड़ में दुर्घटना की आशंका

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। जिला




मुख्यालय से जोगिया व नहर से नादेपार रोड़ रुट पर चलने वाली सवारी वाहन अपने निर्धारित टैक्सी स्टैंड पर न लगाकर नगर में फराटी मार रही हैं। जिससे सड़क जाम का समस्या उत्पन्न हो जाता है। जिससे नगरवासियों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। रोक देता है, जिससे पीछे चलने वाला बाइक साइकिल आदि सवार पीछे से टकरा जाते हैं और दुर्घटना घटित से बचते तो कभी–कभी दुर्घटना से चोटिल भी हो जाते हैं। जिसे देखते हुए नाथू कुमार ने आम जनमानस का आवागमन सुचारु व सुरक्षित तरीके से किए जाने हेतु उपजिलाधिकारी टैक्सियों की मनमानी के कारण नादेपार रोड़ व प्रभारी निरीक्षक से रही परिस्थितियों में जनहित में करवा में भ्रमण करने आपातकालीन एम्बुलेंस आदि वाहन वाली टैक्सियों को उनके निर्धारित भी फंस जाता है, जो कभी–कभी स्टैंड से ही संचालित करवाने हेतु बनआकल जनहित मेरा अनुरोध आज के समाचार पत्र का से गाड़ी भगाता है तो तेज गति से में....अनुरोध किया है। थाना अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह टैक्सी स्टैंड को नहीं कर सकते हैं कोई कार्रवाई।

# 5 गांव के लोग मक्खियों की बहुलता से परेशान,विभाग मौन

बंसी,सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के 5 गांव के अधिकांश लोग मक्खियों की बहुलता से परेशान हैं। इनमें से 2 गांव के लोगों को भोजन करने के लिए कृतिम सुरक्षा की व्यवस्था करनी पड़ रही है। मक्खियों की बड़ी तादाद के चलते विशेष प्रभावित 2 गांव के लोगों का भोजन पानी रहन सहन विश्राम जैसी मौलिक सुविधाओं के लिए भी भिन्न–भिन्न आती मक्खियों से जूझना पड़ रहा है। मक्खियों के कारण यहां के लोग एक विचित्र आपात स्थिति का सामना करने को विवश हैं लोगों ने शासन प्रशासन से बीते वर्ष गुहार भी लगाया लेकिन अब तक उन्हें निजात नहीं मिल सका है। बांसी बस्ती मार्ग के समीप स्थित तिलौला व तिलौली के लोगों की है। इसके अलावा अन्य गांव जमुनी धंधा पार व महुआ के लोग भी भिन्न–भिन्न आती मक्खियों की बहुतायत से आजिज हैं। तिलौली तिलौला के लोग किसी रिश्तेदार के आ जाने पर असहज हो जाते हैं इस कारण घर के अंदर व बाहर भिन्न–भिन्न प्रकार कि आती मक्खियों की सामत कब उन पर भारी पड़ेगी कोई भरोसा नहीं। वैसे तो नियमित रूप से मक्खियों की बहुतायत बनी रहती है फिर भी कभी–कभी तो स्थिति भयावह हो जाती है। यहां अधिकांश घरों के लोग दिन में भोजन करते समय मच्छरदानी का उपयोग



करते हैं बीते वर्ष 25 जुलाई को अनिल कुमार, अनीता, राजू, नारायण, महेंद्र विश्वकर्मा, राजाराम, संतराम, कृष्ण कुमार, अमर सिंह, लकी मिश्र, बबलू मिश्रा चौधरी रामकुमार, रामग्रह, अमरनाथ, केशव प्रसाद, रामलाल ,प्रेम कुमारआदि सहित 101लोगों ने समस्या से निजात के लिए जिलाधिकारी से मांग पत्र के जरिए गुहार लगाया था। लोगों ने उस समय जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा था कि गांव के समीप स्थित अंडा उत्पादन करने वाले मुर्गी फार्म के कारण लोग दुर्गंध व बीमारी फैलाने वाली मक्खियों से आजिज आ गए हैं लोगों के लिए खाना नाश्ता जलपानआदि करना मुश्किल भरा हो गया है। लोगों ने उक्त पूरी स्थिति के लिए तिलोरा स्थित कुक्कुट लेयर फार्म को ही जिम्मेदार माना है। इस संदर्भ में निदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा 3 सदस्य कमेटी गठित कर जांच कराई गई जिसमें कुकूट लेयर फार्म को आबादी से 200 मीटर वहां स्थित एक इंटर कॉलेज से 150 मीटर की दूरी पर स्थित पाया गया। जो कुक्कुट विकास नीती 2013 की विपरीत है। नीति के अनुसार कमर्शियल लेयर फार्म आबादी से 500 मीटर की परिधि से बाहर होना चाहिए। 6 फरवरी 2023 को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एमपी सिंह ने न्यू कमर्शियल फार्म को आबादी से 500 मीटर की परिधि के बाहर अन्यत्र स्थापित करने को कहा है। प्रकरण में निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश डॉक्टर इंद्रमणि ने फार्म खोलने हेतु जिस अधिकारी द्वारा रिपोर्ट व संस्तुति की गई है उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित किए जाने का भी आदेश दिया है बावजूद वह सब की स्थिति अब तक जस की तस बनी हुई है।

# सड़क निर्माण में मस्जिद ढही, जल्द होगा नई मस्जिद का निर्माण



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार, सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका क्षेत्र के सोहास बाजार में मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत सोहास नौगढ़ मार्ग का इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है।सड़क निर्माण कार्य सोहास खास में पहुंचा तो पुरानी सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण किया गया था।मंगल वार को सड़क निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा था इसी बीच अतिक्रमण की जद में आए मस्जिद को हटा दिया गया।मालूम हो कि सड़क का निर्माण कार्य इस समय तेजी से चल रहा है।प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सड़क के किनारे बनाए गए भवनों पर क्रॉस लगा कर चिन्हित किया गया था और लोगो से स्वयं हटाने को कहा गया था परंतु समय सीमा बीतने के बाद भी कई लोगो ने अतिक्रमण नहीं हटाया था।जिसे प्रशासन ने सड़क के किनारे बने मस्जिद सहित सभी अतिक्रमण की जद में रहे भवनों को हटाया। ग्राम प्रधान सोहास खास श्रीष प्रताप यादव ष्सोनूष् के अनुसार नई मस्जिद निर्माण के लिए अजीज, समद, अब्दुल हक आदि ने पांच मंडी जमीन नई मस्जिद निर्माण के लिए दी है। और इस भूमि पर मस्जिद निर्माण किया जाएगा।

# प्रकृति में तरह तरह के जीव जंतुओं का वास: गोविंद माधव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रकृति में तरह तरह के जीव जंतुओं का वास है। उनका संरक्षण संवर्धन व विकास हम सभी का नैतिक कर्तव्य




है। उक्त विचार प्रभागीय वन परिसर में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोविंद माधव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर ने व्यक्त किया। उन्होंने उक्त अवसर पर लोगों को पर्यावरण के लिए जीवन शैली की शपथ भी दिलाया। उक्त अवसर पर चंदेश्वर सिंह डीएफओ सिद्धार्थनगर ने कहा कि इस वर्ष जैव विविधता के थीम वन्य जीव संरक्षण के लिए साझेदारी है। जिसके दृष्टिगत हम सभी को वन्य प्राणियों व पर्यावरण के संरक्षण हेतु कृतसंकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर पांडे ने किया। कार्यक्रम से पूर्व डीएफओ के निर्देशन में वन विभाग बांसी, खेसरहा और नौगढ़ रेंज के स्टाफ ने प्रभागीय कार्यालय स्थित तालाब व उसके तटों की साफ सफाई करते हुए स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में रचनात्मक सहयोग प्रदान किया। उक्त अवसर पर गर्जन राम क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़, राजेश कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी बासी, सुभाष चंद्र त्रिपाठी क्षेत्रीय वन अधिकारी खेसरहा, विद्यासागर भारती प्रशिक्षु रेंजर, सुशील कुमार प्रशिक्षु रेंजर, ओमकार नाथ वरुण डिप्टी रेंजर, प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, वन दरोगा जगदीश प्रसाद, गोविंद लाल, शैलेंद्र कुमार यादव, देवेश कुमार मिश्र, राज कपूर दुबे, वनरक्षक अवनीश कुमार मिश्र, पवन कुमार, विजय प्रकाश पांडे, दिलीप दुबे समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार में 'शिक्षक अभिभावक समन्वय: बेहदअहम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बच्चों की शिक्षा में अभिभावक और शिक्षक से अच्छा संबंध बच्चों के सीखने पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। हम सभी के मन में एक शिक्षक की अलग छवि बनी होती है। ऐसे में हम शिक्षक को मात्र पुस्तक व कक्षा ज्ञान का प्रदाता समझते हैं। जबकि रिपोर्ट के अनुसार शिक्षक अथवा विद्यालय ने जब भी बच्चों को घर में अपने अभिभावकों के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा जो अभिभावक निरंतर विद्यालय के संपर्क में रहते हैं तो ऐसे बच्चे अन्य बच्चों की तुलना में तेजी से सीखते हैं। यूनेस्को की अनुसार भी बच्चों की भाषा विकास में उसके परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेरे विद्यालय



उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकटीहवा ,, विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर में भी प्रत्येक माह शिक्षक अभिभावक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिस में उपस्थित अभिभावकों को उनके बच्चों के लर्निंग में बाधक तत्वों की पहचान कर दूर करने के उपाय व प्रयास पर चर्चा की जाती है। साथ ही बच्चों के पालन पोषण के मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। बच्चों में संस्कार संस्कृति विकसित करने में विद्यालय व अभिभावक एक दूसरे की मदद करते हैं। कक्षा ज्ञान को दैनिक जीवन में उपयोग एवं वास्तविक जीवन से जोड़ने के लिए अभिभावकों को मदद दी जाती है स अतः कहा जा सकता है कि बच्चों के जीवन में दो महत्वपूर्ण स्तंभ शिक्षक व अभिभावक ही है इसलिए दोनों में सकारात्मक संबंध होना ही चाहिए। बच्चों का पोषण माता पिता शिक्षकों सहपाठियों एवं समुदाय के साथ अंतः क्रिया के माध्यम से होता है स अभिभावक बच्चों के वयस्क होने तक उनकी देख रेख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते है। परिवार बच्चों को समाजिक बनने में मानसिक विकास को भी प्रभावित करता है। लिंग के आधार पर बच्चे की भूमिका निर्धारण भी परिवार ही करता है। बच्चों के विद्यालय में औपचारिक शिक्षा को वास्तविक जीवन से जोड़ने का माहौल भी माता पिता ही देते हैं। अतः यह जरूरी है कि शिक्षक अभिभावक के बीच निरंतर संवाद बना रहे स अंत में कहा जा सकता है कि विद्यार्थी की सफलता और अभिभावको की भागीदारी में सकारात्मक संबंध होता है। अपने बच्चों की शिक्षा में अभिभावक या परिवार की हिस्सेदारी भी अन्य सुधार कार्यक्रम से ज्यादा असरदार होता है स इसलिए शिक्षकों को अभिभावक.. अध्यापक संबंध के महत्व को समझते हुए अभिभावकों को बच्चों के सीखने में आवश्यक रूप से भागीदार बनाना चाहिए।

# प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय का विवरण 03 माह में देना आवश्यक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत के अध्यक्षध्सदस्य का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन में अपने द्वारा किये गये व्यय का विवरण निर्धारित प्रारूप (व्यय रजिस्टर) पर शपथ.पत्र के साथ निर्वाचन परिणाम घोषणा की तिथि से 03 माह के अन्दर अनिवार्य रूप से दाखिल करना आवश्यक है। अतएव अध्यक्षध्सदस्य के जो प्रत्याशी अपना व्यय विवरण अभी तक उपलब्ध नहीं कराये हैं, वे तत्काल संबन्धित रिटर्निंग आफिसर के माध्यम से मुख्य कोषाधिकारी सिद्धार्थनगर के परीक्षणोपरान्त जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सिद्धार्थनगर में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। इसके अतिरिक्त जो प्रत्याशी निर्वाचित हुए हैं या असफल उम्मीदवार जो कुल वैध मतों के 1ध्5 अंश तक मत प्राप्त किये हैं या जो अपना समर्थन वापस ले लिए है, उनकी जमानत धनराशि नियमानुसार वापसी हेतु अपना आवेदन पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सिद्धार्थनगर में निर्धारित अवधि निर्वाचन परिणाम घोषणा की तिथि से 03 माह के अन्दर अर्थात दिनांक 13.08.2023 तक अनिवार्य रूप से व्यय विवरण रजिस्टर एवं शपथ पत्र के साथ उपलब्ध करा दें, अन्यथा उनकी जमानत धनराशि जब्त मानी जायेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सिद्धार्थनगर ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# बारात भेजने गई लड़कियों के साथ मनचलों ने की छेड़खानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। पथरा बाजार क्षेत्र के एक गांव में बारात भेजने गई लड़कियों के साथ दुसरे गांव के मनचलों ने की छेड़खानी परिजनों के विरोध करने पर घर पर चढ़कर मां और बेटे को पीट पीट कर किया घायल। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। घटना रविवार सांय सात बजे की बताई जा रही हैं। रविवार को गनवरिया गांव में चन्द्र भान के लड़के की शादी थी। सांय सात बजे के आसपास गांव की महिलाएं व लड़कियां बारात भेजने के लिए गांव के बाहर गई थी।

जहां पर डीजे पर लड़कियां डांस कर रही थी। इसी दौरान गनवरिया गांव के बगल के गांव मनिकौरा तिवारी के रहने वाले कमाल अफजल इरसाद मुस्ताक वसीम मजीद अकबर कल्लू पहुंच कर डांस कर रही लड़कियों के साथ छेड़खानी करने लगे। यह देख परिजनों ने इसका विरोध किया तो वह लोग वहां से वापस अपने गांव मनिकौरा तिवारी आ गये जब बारात की बिदाई हो गई और लोग वापस अपने घर पहुंचे ही थे।

कि इसी दौरान उक्त लोग रामदेव के घर बाइक से आ पहुंचे। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक वह लोग ताबड़तोड़ ईंट डंडे से घरवालों को मारने पीटने लगे जिसमें जगराम का सर फट गया। और रामदेव की 65 वर्षीय मां मुन्नी देवी को पीट पीट कर घायल कर दिया। हल्ला गुहार सुनकर ग्रामीण रामदेव के घर दौड़ ग्रामीणों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। पर इसी दौरान एक आरोपी की बाइक वहीं छूट गई। सूचना पर पहुंची पथरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। उक्त बावत थानाध्यक्ष रामकुमार राजभर ने कहा कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया गया है किसी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

# तीसरी आंख की निगरानी फेल,मोटरसाइकिल लेकर फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। बीते अप्रैल 22 तारीख को सायं 8.00 नगर के बांसी नौगढ़ मार्ग स्थित जनता गैराज के सामने खड़ी मोटरसाइकिल यूपी 44 ए ए 0319 को सफेद शर्ट पहना हुआ कोई व्यक्ति दूसरी चाबी से स्टार्ट किया और लेकर फरार हो गया मोटरसाइकिल स्वामी नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी सच्चिदानंद ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी हालांकि पुलिस ने मामले कि प्राथमिकी 26 अप्रैल 2023 को मध्यान्ह 11.30 बजे दर्ज की। घटनास्थल रोडवेज चौराहा से बमुश्किल 300 मीटर की दूरी पर है। नगर से निकलते मुख्य मार्ग को पूर्व में नगर क्षेत्र की सीमा तक तीसरी आंख की निगरानी में रखे जाने की बात काफी पहले पुलिस ने करते हुए समाचार पत्रों में उस समय इस खुशखबरी को बढ़ा चढ़ा कर प्रकाशित करवाने का प्रयास भी किया था बावजूद इसके चोरी हुई उक्त बाइक और उसको चुराने वाला पुलिस कि पहुंच से बाहर है बाइक को लेकर बाइक स्वामी काफी परेशान हैं प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने कहा कि जिस समय बाइक चोरी हुई उस समय घटनास्थल के समीप का सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा था उन्होंने कहा कि अब तक कोतवाली क्षेत्र से जितनी भी मोटरसाइकिल चोरी हुई है उन सभी को देर सबेर बरामद कर लिया जाएगा।

## सम्पादकीय

**ऐसे में जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने सर्व–सम्मति से ने दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र की व्याख्या कर दी, तो कुछ दिनों के अंदर ही इस व्यवस्था को अध्यादेश से पलटने की कोशिश सीधे सुप्रीम कोर्ट को चुनौती देना माना जाएगा। इसे बेहिचक और बेखौफ संविधान की अवहेलना और संविधान की भावना ...**

# यह संविधान से टकराव है



दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के मामले में जारी अध्यादेश का संदेश यह है कि संविधान में कुछ भी लिखा हो और सुप्रीम कोर्ट चाहे उसकी जैसी व्याख्या करे, सरकार तो वही करेगी, जो वह चाहती है– और ऐसा करने के उपाय करने में वह सक्षम है! दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के मामले में हाल में आए सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले को पलटने के लिए केंद्र सरकार ने जो अध्यादेश जारी किया, उसे मीडिया के एक हिस्से में भारतीय जनता पार्टी बनाम आम आदमी पार्टी के बीच टकराव के रूप में पेश किया गया। लेकिन यह असल मुद्दे को पूरी तरह से भटकाना है। इसे केंद्र बनाम दिल्ली सरकार या नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल के रूप में पेश करना भी मामले की गंभीरता पर परदा डालना होगा। यहां कहीं ज्यादा गंभीर प्रश्न जुड़े हुए हैं। सवाल यह है कि किसी संवैधानिक प्रावधान या कानून की व्याख्या का अधिकार किसे है? भारतीय संविधान ने यह हक सुप्रीम कोर्ट को दिया है। बल्कि संविधान की भावना यह है कि ऐसी सही व्याख्या करना सर्वोच्च न्यायालय की जिम्मेदारी है। ऐसे में जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने सर्व–सम्मति से ने दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र की व्याख्या कर दी, तो कुछ दिनों के अंदर ही इस व्यवस्था को अध्यादेश से पलटने की कोशिश सीधे सुप्रीम कोर्ट को चुनौती देना माना जाएगा। इसे बेहिचक और बेखौफ संविधान की अवहेलना और संविधान की भावना का अनादर भी कहा जाएगा। बेशक दिल्ली सरकार इस अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। वह संभवतरू इसे अदालत की तौहीन बताते हुए अर्जी दायर करेगी। लेकिन यह दिल्ली सरकार से अधिक सुप्रीम कोर्ट की परीक्षा है। आखिर सुप्रीम कोर्ट बेहतर ढंग से अवगत है कि उसने क्या फैसला दिया और शुक्रवार रात जारी अध्यादेश का असल मकसद क्या है? इसलिए अपेक्षित तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले का अपनी पहल पर संज्ञान ले। ऐसा करके ना सिर्फ वह अपने रुतबे की रक्षा करेगा, बल्कि संविधान की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी भी वह निभाएगा। इस अध्यादेश का एक दिन भी जारी रहना संवैधानिक व्यवस्था के लिए चुनौती है। इसका यह अर्थ होगा कि संविधान में कुछ भी लिखा हो और सुप्रीम कोर्ट चाहे उसकी जैसी व्याख्या करे, सरकार तो वही करेगी, जो वह चाहती है– और ऐसा करने के उपाय करने में वह सक्षम है!

## भगवान शिव की कृपा से मनुष्य को मिलता है राज योग



भगवान शिव की कृपा से शुभ योग में गरीब घरों में जन्म लिए हुए मनुष्य भी राजा हो जाते हैं। उच्च के बृहस्पति चतुर्थ स्थान में शुभ ग्रहों से दृष्टि हो या अपने घर के नवम में हो तथा शुक्र उसी तरह से दशम स्थान में हों तो वह आदमी बहुत ऐश्वर्यशाली, गुणवान और उदार प्रकृति का राजा होता है। बलवान शुक्र अष्टम हो और बृहस्पति दूसरे स्थान में हो या शुभ दृष्टि राहु लग्न में हो जाए तो वह मनुष्य सवारी, हाथी, घोड़ों वाला, दीर्घायु , धनवान, ऐश्वर्ययुक्त और माननीय राजा होता है। यदि किसी जातक की जन्म कुंडली में लाभ स्थान में शुक्र और नवम में चंद्रमा तथा धन स्थान में बृहस्पति हो तब वह मनुष्य राजा होता है। केंद्र में चंद्रमा, छठे में शनि, नवम में बृहस्पति और पंचम भाव में शुक्र हो जाए तो वह मनुष्य राजा होगा। पहले बृहस्पति, अंत में शनि और इनके बीच में और ग्रह पड़ जाए तो वह मनुष्य राजा उदार मति महाप्रतापी और संसार के स्वामी ( राजा) का मंत्री होगा।यदि उच्च का शनि या धनु लग्न में हो तो वह राजा या दीर्घायु होए और मीन का शुक्र बलवान बुद्ध बारहवां लग्न में सूर्य और तीसरा मंगल हो तो उसी तरह वह मनुष्य राजा होता है। वृष का बृहस्पति और चंद्रमा या मिथुन, मकर का चंद्रमा, कन्या का मंगल , बुध और सूर्य तथा तुला का शुक्र यदि ये सभी ग्रह पूर्ण बलवान हो जाएं तो वह मनुष्य राजा होता है। मीन का बृहस्पति, शुक्र, चंद्रमा के सहित बलवान शुभेक्षित हो तो वह संसार में मनुष्य को राज्य देता है। सिंह का बृहस्पति हो और मकर कर्क धनु तुला में शेष सभी ग्रह बलवान होकर बैठे हों तो यह भी दूसरा राजयोग होता है। नवम स्थान का स्वामी केंद्र त्रिकोण में उच्च या अपने घर का या मित्र के घर का हो और शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो वह मनुष्य राजा या राजमंत्री होता है। सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बृहस्पति और शुक्र चतुर्थ स्थान में तथा शनि, राहु बारहवें , तीसरे , छठें में स्थित हो तो वह मनुष्य राजा, , वैभवशाली और प्रसिद्ध कीर्ति वाला होता है। पंचम बुध, दशम चंद्रमा और नवम में अन्य शुभ ग्रह हो तो राजा हो या मीन, वृष, मकर, कुंभ, मेष और मिथुन में सब ग्रह हो जाए तो वह मनुष्य पृथ्वी पति होता है। ग्रहों का सुयोग देवाधिपति महादेव की कृपा से बनता है। भगवान भोलेनाथ की आराधना से भी राजसी योग संभव है। हर हर महादेव।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# बुद्धीनाशी राजनीति से रैवडियों का जंजाल!

**मेरा मानना है यदि मनमोहनसिंह के दूसरे कार्यकाल से लेकर अब तकके चौदह वर्षों में किसी नेता ने यदि झुनझुनों, रेविडियों की बजाय आधार कार्ड के नंबर को सामाजिक सुरक्षा कार्ड के नंबर में कनवर्ट करके आमदनी की कसौटी पर प्रति परिवार दस हजार रू महिने देने और चिकित्सा बीमा की पक्की गारंटी बना दी होती तब भी कुछ स्थाई तौर पर पक्का सामाजिक सुरक्षा बंदोबस्त बनता। केंद्र और ...**

हरिशंकर व्यास,

मैं सर्वशिक्षा अभियान, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा गारंटी, फ्री बिजली जैसी योजनाओं का विरोधी रहा हूं। इसलिए क्योंकि मेरा शुरू से मानना रहा है कि भारत की सत्ता का चरित्र भ्रष्ट था, है और रहेगा। नेहरू हो या इंदिरा गांधी या राजीव गांधी सभी की नियत जनहितैषी थी। लेकिन सैकड़ों सालों से जब भारत के सत्ता चरित्र में लूट, भूख और भ्रष्टाचार के डीएनए है तो संभव नहीं जो मुफ्तखोरी में जनता कम खाए और अफसर मलाई चाटे। जनता ठगी नहीं जाए। तभी पंडित नेहरू भी समाजवाद के झुनझुनों से जनता को राशन बांटते हुए थे तो नरेंद्र मोदी भी बांटते हुए है। अगसे सप्ताह कर्नाटक में राहुल गांधी के सिद्धारमैया भी श्अन्न भाग्यश्र के जुमले में दस किलों चावल बाटना शुरू करेंगे।

हां, भारत की हर सरकार ने अनाज बांटा है। मुफ्त शिक्षा दी है और बेगारी कराते हुए मजदूरी दी है। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पांत वाला। उलटे 1947 में30 करोड लोग भूखे थे अब 140 करोड लोगों में 120 करोड लोग वैसे ही सरकार की ओर, नेताओं व अफसरों की और टुकर–टुकर ताकते हुए है जैसे नेहरू के वक्त उम्मीद करते हुए ताकते थे!

आजाद भारत में अफसरशाही ने सभी तरह के नेताओं व पार्टियों को भटकाया है। राजनीति की बुद्धी भ्रष्ट और नष्ट की है। अपवाद वाला प्रधानमंत्री केवल एक हुआ और उसका नाम है पीवी नरसिंहराव। नरसिंहराव अकेले ने अपने विजन में वित, उद्योग, वाणिज्य, गृहविभाग सबके अफसरों को हाशिए में डाल अपनी कठोरता से वे फैसले किए जिससे लोगों के लिए काम करने के अवसर बने। पैसे कमाने, कुछ करने का हौसला बना। उन्होने अफसरशाही के कोटा–लाईसेंस, टैक्स टेरर को खत्म किया। मुझे याद नहीं आ रहा है कि नरसिंहराव ने कोई रेवड़ी योजना बनाई। जो बांटा जा रहा था जो झांसेबाजी थी उसे उन्होने खत्म ही किया। वह डा मनमोहनसिंह के बूते की बात नहीं थी। इसलिए क्योंकि मनमोहनसिंह ने खुद अपने दूसरे कार्यकाल में जिस तरह की रेवडियां बनाई, उससे साफ जाहिर होता है कि बतौर प्रधानमंत्री यदि पीवी नरसिंहराव ने दृढता दिखाई तभी सुधार के एक के बाद एक फैसले हुए।

जो हो, आज सत्य यह है कि राजनीति में क्योंकि विचार, बुद्धी, प्रतिबद्धता सब खत्म है और सत्ता हावी है तो राशन–पैसा दो और बदले में वोट पाओं का फार्मूला लोकप्रिय है। समझ न आने वाली बात है कि जब धर्म की राजनीति या जात की राजनीति का फार्मूला हिट है तो मुफ्त की रेवडियों भला क्या जरूरत? मतलब यह कि जब बिहार में मोदी–शाह यदि बाबा बागेश्वर धाम से 2024 में चुनाव जीतने का जादू चलता मानते है तो मुफ्त में बांटने के घोषणओँ की उनको और क्यों जरूरत? ऐसे ही उधर नीतिश कुमार यदि जातीय जनगणना और आरक्षण पर चुनाव जीतने का विश्वास लिए हुए है तो उन्हे या कांग्रेस को चुनाव से पहले मुफ्त बांटने की गारंटियों का हल्ला करने की क्या जरूरत?

मगर राजनीति जब अस्तित्व के संकट की लड़ाई में तब्दील है तो लड़ाई बुद्धी और भविष्य की चिंता में नहीं बल्कि सबकुछ झोक देते हुए लडी जाती है। तभी बिहार में एक नौजवान बाबा के आगे कातर भाव खड़े भाजपा के पुराने नेता है तो दूसरी और नीतिश कुमार जातीय वोटों के लिए सुप्रीम कोर्ट तक में लड़ते हुए है। उधर कांग्रेस अगले सप्ताह कर्नाटक में दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, महिला मुखिया को दो हजार रू महिने, दस किलो मुफ्त चावल, बेरोजगार नौजवान को डेढ से तीन हजार रू महिने का भत्ता तथा महिलाओं की रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा के मेगा वायदों पर अमल करवाएगी।

ऐसे ही नौ वर्षों से मोदी सरकार ने मुफ्त राशन बांटने और पांच–सात सौ, हजार, दो हजार रू का धर्मादा बैंक खातों में जमा करवाने के काम किए हुए है। केंद्र सरकार की गंगौत्री की देखादेखी हर प्रदेश सरकार अपनी–अपनी रैवडियां बना रही है।न अरविंद केजरीवाल की सरकार का कोई जवाब है और न ममता से ले कर स्टालिन की योजनाओं में कोई कमी है।

कहने वाले कह सकते है कि इस सबसे जनता का भला हो रहा है। तात्कालिक राहत है। पर यदि पचहतर वर्षों से लगातार यह होता हुआ है और पूरा सफर नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाला है तो क्या यह जनता से छलावा नहीं है? इसकी सच्चाई क्या है?

मेरा मानना है यदि मनमोहनसिंह के दूसरे कार्यकाल से लेकर अब तकके चौदह वर्षों में किसी नेता ने यदि झुनझुनों, रेविडियों की बजाय आधार कार्ड के नंबर को सामाजिक सुरक्षा कार्ड के नंबर में कनवर्ट करके आमदनी की कसौटी पर प्रति परिवार दस हजार रू महिने देने और चिकित्सा बीमा की पक्की गारंटी बना दी होती तब भी कुछ स्थाई तौर पर पक्का सामाजिक सुरक्षा बंदोबस्त बनता। केंद्र और राज्यों की तमाम सबसिडियों और मुफ्त–राशन व पैसा बांटने की पूरी लागत के मुकाबले यह एक अकेला काम न केवल किफायती होता बल्कि व्यवस्था को सामाजिक सुरक्षा में बांध देने वाला हो जाता। दिक्कत यह है कि नरेंद्र मोदी, केजरीवाल, ममता, राहुल, नीतिश, स्टालिन आदि सभी नेताओं के दिल–दिमाग में यह बंधा हुआ है कि छोटे–छोटे झुनझुनों और रेवडियों के जुमलों सेयह माहौल बनवाना ज्यादा आसान है कि कौन जनता की अधिक चिंता करता है।

# जीएसटी वसूली पर बेसुध जनता का जश्न!

**श्रिंक का मतलब है सिकुडना और इंफ्लेशन का मतलब है महंगाई। इन दोनों की मार जनता को झेलनी पड़ रही है। कंपनियां चुपचाप अपने उत्पादों का वजन कम कर दे रही हैं। पहले जो सामान सौ ग्राम के पैकेट में मिलता था उसमें कई सामानों का पैकेट अब 90 ग्राम का हो गया है। लोग बिना वजन देखे ये पैकेट खरीद लेते हैं। उनको अंदाजा ही नहीं होता है कि उस पैकेट पर वे 10 फीसदी ज्यादा ...**

हरिशंकर व्यास

भारत संभवतरू दुनिया का पहला देश होगा जहां सरकार टैक्स वसूली के भारी भरकम आंकड़े उपलब्धि के तौर पर जारी करती है और भक्त जनता उसका जश्न मनाती है। हर महीने की पहली तारीख को सरकार यह आंकड़ा जारी करती है कि पिछले महीने जीएसटी की रिकॉर्ड वसूली हुई है। हर महीने पिछले महीने का रिकॉर्ड टूटता है। इसी तरह प्रत्यक्ष कर यानी आयकर की वसूली का तिमाही आंकड़ा जारी होता है। पिछली तिमाही या पिछले साल की समान तिमाही में वसूली का रिकॉर्ड टूटने की खबर बताई जाती है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर दोनों में वसूली के आंकड़े बढने का जश्न लोग मनाते हैं। सत्तारूढ़ दल के समर्थक इसे उपलब्धि के तौर पर सोशल मीडिया में साझा करते हैं। मीडिया में हल्ला होता है। पेट्रोलियम उत्पादों पर वसूला जाने वाला टैक्स इससे अलग होता है। उसके भी आंकड़े हर महीने, हर तिमाही और छमाही में पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हैं। क्या यह सब अजूबा नहीं है? जिस देश में पाई–पाई जोडने का चलन रहा हो। जिस देश में करोड़ों लोग पाई–पाई के लिए तरस रहे हैं, उस देश में लाखों करोड़ रुपए की टैक्स वसूली का जश्न मनता है। कोई सोचता ही नहीं है कि यह पैसा उसकी जेब से निकाला जा रहा है। सरकार आम आदमी की जेब पर डाका डाल कर पैसे वसूल रही है। इस वसूली यह कहते हुए सही करार देते है कि इससे सरकार बुनियादी ढांचे का विकास करती है।




सोचे टैक्स से वसूले गए पैसे से इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है और फिर उसी के इस्तेमाल के लिए जनता पर कमर तोड़ टैक्स भी है। महंगा यात्रा भाड़ा है। जनता से पैसा लेकर ढांचा बनाना और फिर उस ढाचे के उपयोग के लिए भी जनता से मनमानी वसूली। क्यों जनता से वापिस पैसा वसूला जाता है?

बहरहाल, जीएसटी पर लौटें। सवाल है कि जीएसटी वसूली में हर महीने इतनी बढ़ोतरी कैसे हो रही है? एक मई को जारी आंकड़े के मुताबिक अप्रैल में एक लाख 87 हजार करोड़ रुपए की जीएसटी की वसूली हुई, जो अब तक का रिकॉर्ड है। इससे पहले अप्रैल 2022 में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपए की जीएसटी वसूली गई थी। ये दोनों रिकॉर्ड अप्रैल के महीने में ही बने हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मार्च में वसूली कम हुई थी। मार्च 2023 में जीएसटी की वसूली एक लाख 60 हजार करोड़ रुपए हुई थी। उससे पहले फरवरी में एक लाख 50 हजार करोड़ के करीब और जनवरी में एक लाख 57 हजार करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। इस तरह पिछले कुछ दिन से डेढ़ लाख करोड़ रुपए हर महीने की वसूली की एक ट्रेंड बन गया है, जो आगे बढ़ते जाना है। मीडिया में हर महीने इसकी खबर ऐसे बनती है कि यह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए खुशखबरी है। फिर मीडिया और सोशल मीडिया में धारणा बनाई जाती है कि जनता को इस पर खुश होना चाहिए कि इतनी जीएसटी वसूली हो रही है। वसूली के भारी भरकम आंकड़ों के आधार पर जीएसटी लागू करने के फैसले को न्यायसंगत ठहराया जाता है। खाने–पीने के छोटे–छोटे, रेस्टोरेंट बिल व नए बेसिक सामान पर जेएसटी लगती–बढती जा रही है और जनता है कि उससे बढते क्लेक्शन पर तालियां बजा रही है।

लोगनहीं सोचते हैं कि यह उनकी कमाई या बचत का हिस्सा हो सकता है, जो सरकार जेब से निकलवा ले रही है। इस नाम पर कंपनियां अलग लोगों को लूट रही हैं। कई रिपोर्ट से प्रमाणित हुआ है कि जीएसटी की वसूली बढने का सबसे बड़े कारणों में से एक कारण ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाना है। दूसरा कारण महंगाई बढना है। सरकार चुन चुन कर वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाती जा रही है, इससे टैक्स का दायरा बढ़ रहा है।इसके साथ ही वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिसकी वजह से जीएसटी की और वसूली बढ़ी है। सरकार कहां कहां से जीएसटी वसूलने की सोच लेती है, इसका पता इस बात से लगता है कि रेलवे, होटल के कमरे आदि की बुकिंग पर जीएसटी लगता है लेकिन अब बुकिंग कैंसिल कराने पर भी जीएसटी वसूला जाने लगा है। कैंसिलेशन चार्ज पर पांच फीसदी जीएसटी लगा दिया गया है। इस तरह वस्तुओं और सेवाओं की सूची बनाई जाए तो कई पन्ने भर जाएंगे।

जहां तक महंगाई का सवाल है तो जनता को दो तरह की मार झेलनी पड़ रही है। एक वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है और दूसरे डिब्बाबंद वस्तुओं की मात्रा या वजन कम किया जा रहा है। इनकम कम होने और कीमत बढने से स्टैगफ्लेशन की स्थिति है तो वस्तुओं की मात्रा या वजन कम होने से श्रिंकफ्लेशन की स्थिति बन गई है।



# धोनी से नफरत करने के लिए आपको शैतान बनना होगाः हार्दिक पंड्या

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि संभवतः अपना अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट खेल रहे करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी से मनमुटाव रखने के लिये किसी को भी शैतान बनना होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस मंगलवार को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहला क्वालीफायर खेलेंगे। पंड्या ने इस बीच इस मिथक को भी खारिज कर दिया कि भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक धोनी गंभीर व्यक्ति हैं। पंड्या ने सोशल मीडिया पर गुजरात टाइटंस द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ''मैं हमेशा महेंद्र सिंह धोनी का प्रशंसक रहूंगा। इतने सारे प्रशंसकों और इतने सारे क्रिकेट प्रेमियों के लिए। आपको महेंद्र सिंह धोनी से नफरत करने के लिए शैतान बनने की जरूरत है।'' धोनी ने पिछले सत्र की तुलना में टीम में जो बदलाव किया है उसने एक बार फिर सुपरकिंग्स को सुर्खियों में ला दिया है। पिछले सत्र में 10 टीम में नौवें स्थान पर रहने के बाद इस बार टीम प्ले ऑफ में जगह बना चुकी है और पांचवां आईपीएल खिताब जीतने की दावेदार है। मौजूदा सत्र में डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे ने सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और उसे खिताब का दावेदार बनाया है। पंड्या ने कहा कि उन्होंने धोनी से क्रिकेट की कई बारीकियां सीखी हैं।




उन्होंने कहा, ''बहुत से लोग सोचते हैं कि माही (धोनी) गंभीर है। मैं चुटकुले सुनाता हूं और मैं उसे महेंद्र सिंह धोनी के रूप में नहीं देखता।'' पंड्या ने कहा, ''जाहिर है कि मैंने उनसे बहुत सारी चीजें सीखी हैं, बहुत सारी सकारात्मक चीजें, जो मैंने सिर्फ उन्हें देखते हुए सीखी हैं, यहां तक कि अधिक बात नहीं करना भी।'' देश के शीर्ष ऑलराउंडर ने यह भी कहा कि महेंद्र सिंह धोनी उनके लिए एक भाई की तरह हैं जिनके साथ वह मजे कर सकते हैं। गुजरात टाइटंस ने एक संदेश पोस्ट करते हुए धोनी को एक 'कप्तान। नेतृत्वकर्ता। लीजेंड और एक भावना' करार दिया।

# WTC Final से पहले भारतीय टीम के सामने आएगी बड़ी परेशानी, नहीं मिलेगा ये मुकाबला खेलने का मौका

भारतीय क्रिकेट टीम अब जल्द ही विश्व टेस्ट चौंपियनशिप खेलने की तैयारियां शुरू करेगी। वर्तमान में जारी इंडियन प्रीमियर लगी 28 मार्च को फाइनल मुकाबले के साथ खत्म होगी। इसके बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप की तैयारियां करेगी। वहीं आईपीएल से जो टीमें बाहर हो चुकी है उन टीमें का हिस्सा बने भारतीय खिलाड़ी अब इंग्लैंड के लिए रवाना हो रहे है। चौंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम का एक बैच इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुका है, जबकि दूसरा बैच फाइनल मुकाबला होने के बाद 29 मई को रवाना होगा।




नहीं बिके फ्रिज द्य विज्ञापन खोजोः जानकारी के मुताबिक विश्व टेस्ट चौंपियनशिप 2023 फाइनल खेलने से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। जानकारी मिली है कि टीम को इस फाइनल मुकाबले के लिए तैयारी का ठीक से मौका नहीं मिल सकेगा। ठीक से तैयारी ना करने का मौका नहीं मिलना टीम और खिलाड़ियों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

प्रैक्टिस मैच पर छाया संकट

माना जा रहा है कि भारतीय टीम को चौंपियनशिप के लिए ठीक से तैयारी करने का मौका नहीं मिलेगा। खिलाड़ियों को इससे काफी परेशानी हो सकती है। गौरतलब है कि सात जून से ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच इंग्लैंड के द ओवल मैदान में टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा। इस फाइनल मुकाबले से पहले माना जा रहा था कि प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा ताकि टी20 से खिलाड़ियों को टेस्ट फॉर्मेट में ढलने में मदद मिलेगी। हालांकि माना जा रहा है कि भारतीय टीम अब प्रैक्टिस मैच नहीं खेल सकेगी। दरअसल कहा जा रहा है कि कई खिलाड़ी 29 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे और 30 मई को पहुचेंगे। इसके बाद एक जून तक सभी की मुलाकात होगी। अब जब सात जून से फाइनल मुकाबला खेला जाना है तो इस दौरान खिलाड़ियों को पर्याप्त समय नहीं मिलेगा की वो प्रैक्टिस मैच खेल सकें और टेस्ट की फॉर्म में लौट सकें। जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई की कोशिश थी की खिलाड़ियों को तीन दिन के लिए मैच खेलने का मौका मिले मगर अब ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है।

अचानक होगा खिलाड़ियों के फॉर्मेट में बदलाव

गौरतलब है कि भारतीय टीम के खिलाड़ी वर्तनाम में लंबे समय से टी20 क्रिकेट खेल रहे है। ऐसे में अचानक से कुछ ही दिनों के अंतराल में खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट के फॉर्मेट में ढलना आसान नहीं होगा। हालांकि विश्व टेस्ट चौंपियनशिप को लेकर ऑस्ट्रेलिया की टीम काफी फायदे में है क्योंकि काफी कम खिलाड़ी ऐसे हैं जो आईपीएल का हिस्सा है। ऐसे में टेस्ट मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया को खेलने का पर्याप्त समय मिलेगा। खिलाड़ियों के बल्ले से काफी अच्छा प्रदर्शन होता हुआ भी दिख रहा है। ऐसे में देखना होगा कि भारतीय खिलाड़ियों को प्रैक्टिस मैच खेलने का मौका मिलेगा या नहीं और टीम मुकाबले में कैसे प्रदर्शन करेगी।

ये है फाइनल टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, इशान किशन।

# बल्लेबाजों की फॉर्म में वापसी से सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स का पलड़ा भारी

चेन्नई। बल्लेबाजों की फॉर्म में वापसी की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने वाली मुंबई इंडियन्स की टीम बुधवार को यहां एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। मुंबई की टीम पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी जिसके बाद मौजूदा सत्र में टीम ने वापसी करते हुए प्ले ऑफ में जगह बनाई। गुजरात टाइटंस ने अंतिम लीग मुकाबले में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को हराकर मुंबई की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की और रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की नजरें अब अपने छठे आईपीएल खिताब पर टिकी हैं। सुपरजाइंट्स को पिछले सत्र में आरसीबी के खिलाफ एलिमिनेटर में ही हार का सामना करना पड़ा था और इस बार टीम इससे आगे बढ़ना चाहेगी। नियमित कप्तान लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी के बाजवूद टीम का संतुलन बरकरार है और कृणाल पंड्या ने उपलब्ध विकल्पों का काफी अच्छी तरह इस्तेमाल किया है और आईपीएल की सबसे सफल टीम के खिलाफ उन्हें लय बरकरार रखने की उम्मीद होगी। मुंबई के लिए अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने शानदार शतक जड़ा। सुपरजाइंट्स के खिलाफ बल्लेबाजी में टीम की नजरें सूर्यकुमार यादव (511 रन, एक शतक, चार अर्धशतक), सलामी बल्लेबाज इशान किशन (439), ग्रीन (381) और कप्तान रोहित (313) पर टिकी होंगी। मुंबई के बल्लेबाजों ने लय हासिल की है और ऐसे में सुपरजाइंट्स के गेंदबाजों की राह आसान नहीं होने वाली। सुपरजाइंट्स को अगर मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना है तो लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को बड़ी भूमिका निभानी होगी जो 14 मैच में 16 विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं। नवीन उल हक, आवेश खान, कृणाल और अनुभवी अमित मिश्रा जैसे गेंदबाजों को भी अधिक योगदान देना होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स को यहां बल्लेबाजों की नाकामी के कारण लीग चरण मे हार झेलनी पड़ी थी। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी में मुंबई का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी कमजोर है जिसका सुपरजाइंट्स फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल की गैरमौजूदगी के बावजूद सुपरजाइंट्स के बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया है। मार्कस स्टोइनिस (14 मैच में 368 रन) दूसरे चरण में अच्छी लय में दिखे जबकि काइल मायर्स (361) और निकोलस पूरन (358) की वेस्टइंडीज की जोड़ी ने भी उपयोगी पारियां खेली हैं। चेपक की संभवतरू धीमी पिच पर इनका प्रदर्शन टीम की सफलता के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। गेंदबाजी में मुंबई को अनुभवी पीयूष चावला से काफी उम्मीदें होंगी जो 20 विकेट के साथ अब तक टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं। जेसन बेहरेनडोर्फ (14 विकेट) ने भी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर प्रभावित किया है। टीम इस प्रकार हैंःलखनऊ सुपरजाइंट्सः कृणाल पंड्या (कप्तान), आयुष बडोनी, कर्ण शर्मा, मनन वोहरा, क्विंटन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस, कृष्णप्पा गौतम, दीपक हुड्डा, काइल मायर्स, आवेश खान, मोहसिन खान, मार्क वुड, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, निकोलस पूरन, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, डेनियल सैम्स, अमित मिश्रा, प्रेरक मांकड़, स्वप्निल सिंह, नवीन–उल–हक, युद्धवीर चरक और करुण नायर।



# जब ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले– मोदी इज बॉस, मुझे भी ऐसा स्वागत नहीं मिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने सिडनी सामुदायिक कार्यक्रम में द षलिटिल इंडियाष गेटवे की आधारशिला रखी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री के रूप में मेरा पहला साल है जिसे आज मैं मना रहा हूं। मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री से छह बार मिल चुका हूं, लेकिन इस तरह मंच पर उनके साथ खड़े होने से बेहतर कुछ नहीं है, खुशी की बात है कि यहां प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करना। लेकिन मुझे कहना होगा कि आज रात यहां जो गर्मजोशी और ऊर्जा है, वह किसी से कम नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा कि जब मैं मार्च में भारत में था, तो यह अविस्मरणीय क्षणों से भरा एक यात्रा थी, गुजरात में होली मनाना, दिल्ली में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करना... मैं जहां भी गया, मुझे ऑस्ट्रेलिया और भारत के लोगों के बीच गहरा संबंध महसूस हुआ। यदि आप भारत को समझना चाहते हैं, तो ट्रेन और बस से यात्रा करें। सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस ने कहा कि आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन को देखा था मगर उन्हें ऐसा स्वागत नहीं मिला जो प्रधानमंत्री मोदी को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी बॉस हैं।





# कार्यालय अधिशासी अभियंता
## नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर

पत्रांक–461/ ननिखगो/निविदा, दिनांक–16.05.2023

**मैनुअल् अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–12/2023–24**

राज्यपाल, महोदय की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 31.05.2023 को 12.00 बजे अपरान्ह तक विभाग में पर्जीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो उसी तिथी को 3.30 बजे अपरान्ह निविदातांओ अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 25.05.2023 से 31.05.2023 को 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विल्म्ब से पहुचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नही होगा। निविदा के साथ पंजीकृत प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण प्रत्र (IDT–2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT–3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0 के रूप में, जो अधिशासी अभियंता, नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर के नाम बन्धक हो, पृथक–पृथक लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा करना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा क़े साथ रू0 100.00 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपया का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दारों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई–बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र हस्ताक्षर किये हुऐ होना चाहिए एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर के रूप में जो अधिशासी अभियंता, नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर के नाम बन्धक होगी, तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार सटैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें तीन माह तक बैध रहेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | निविदा की धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 2- | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | खण्ड के नियंत्रणाधीन जनपद सिद्धार्थनगर में 02 अद्द (औसतन गहराई 180 मी0) सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 1.00 क्यूसेक क्षमता के 2100 नवीन राजकीय नलकूप परियोजना(सामान्य) के छिद्रण का कार्य(जी0एस0टी0 नियमानुसार देय) | 02 अद्द | 7.30 लाख | 14616.00 | 300+जी0एस0टी0 नियमानुसार+स्टेशनरी | 60 दिवस | ए अथवा उच्च |

www.upgov.nic.in
upid-r.o.189704
date : 19-05-2023

(अधिशासी अभियंता)
नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर


# ममता चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विशाल भंडारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का आयोजन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। ममता चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज में शांति सद्भाव एवं समरसता का संचार कर सशक्त राष्ट्र स्थापना हेतु विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को भंडारा आयोजित किया गया भंडारे का आयोजन अपराहन 12रू00 बजे से रात्रि 12रू00 बजे तक विशाल भंडारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया



जिसमें प्रेम मूर्ति परम पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज का आशीर्वचन भजन संध्या भक्तिमय झांकियां भव्य आरती के साथ साथ समाज को आभिप्रेरित कर रहे महान विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक सुंदरकांड तथा हनुमान जी की आरती के साथ भंडारे का शुभारंभ किया गया भंडारे का उद्घाटन करते हुए न्यायमूर्ति श्री रंगनाथ पांडे जी ने कहा सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ–साथ भंडारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है। उद्घाटन सत्र के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र एवं वरिष्ठ समाज सेवक राजीव मिश्र ने कहा कि ममता चौरिटेबल ट्रस्ट समाज के वंचितो एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए 24 घंटा कृत संकल्प है आज बजरंगबली की कृपा से रात 12रू00 बजे तक भंडारे के साथ–साथ भक्ति के विभिन्न आयामों का रसपान करने का अवसर प्राप्त होगा। सभी भक्त जनों का बहुत–बहुत स्वागत है आज के इस भंडारे में प्रसाद वितरण के अतिरिक्त भक्त जनों के लिए भजन संध्या भक्तिमय झांकियां संगीतमय प्रस्तुतियां महान विभूतियों का सम्मान एवं भक्तिमय नृत्य का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आध्यात्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा, लखनऊ की नवनिर्वाचित में सुषमा खर्कवाल सहित कई अन्य मंत्री गण संगठन के पदाधिकारी गण सांसद और विधायक गढ़ के अतिरिक्त माननीय न्यायमूर्ति श्री सुधीर सक्सेना महासचिव अवध बार एडवोकेट मनोज मिश्रा, शिक्षाविद सी एम एस संस्थापक जगदीश गांधी सहित भारी संख्या में विद्वान ,अधिवक्ता गण शिक्षक गण, कार्यकर्ता गण सहयोगी अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित लाखों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन की सब्सिडी में अचानक कटौती से प्रभावित होगा उद्योगः एसएमईवी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के निकाय एसएमईवी ने मंगलवार को कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की सब्सिडी में अचानक कमी से भारी नुकसान हो सकता है। निकाय ने कहा कि इससे ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट हो सकती है और पूरा उद्योग लंबे समय के लिए प्रभावित हो सकता है। हालांकि, दूसरी ओर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में स्टार्टअप कंपनियों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह ईवी उद्योग के लिए अपने दम पर खड़े होने का समय है। सरकार ने सोमवार को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लागू फेम–2 (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और उन्हें तेजी से अपनाना) योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी को कम कर दिया था। यह फैसला एक जून 2023 को या उसके बाद पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लागू होगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने इन परिवर्तनों को अधिसूचित किया है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन 10,000 रुपये प्रति किलोवाट घंटा होगा। सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने बदलावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सब्सिडी में अचानक कमी से ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट आ सकती है, जिससे पूरे उद्योग पर काफी समय तक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि भारतीय बाजार कीमत के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। ज्यादातर पेट्रोल दोपहिया वाहनों की कीमत एक लाख रुपये से कम है, और इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन पर 1.5 लाख रुपये से अधिक खर्च करने की संभावना कम है। गिल ने हालांकि कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने कुछ महीने पहले ही सब्सिडी कम करने का संकेत दे दिया था। दूसरी ओर, वोल्टअप के सह–संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ काबरा ने फेम सब्सिडी में कमी का स्वागत किया और कहा कि अब उद्योग के लिए अपने पैरों पर खड़ा होने का वक्त है। उन्होंने उद्योग और सरकार से एक सुसंगत बुनियादी ढांचा विकास नीति बनाने की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया।



# साइबर सिक्योरिटी एवं डाटा प्रोटेक्शन को लेकर देवरिया में हुई पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता

## 25 विद्यालयों में एस बी टी विद्यालय का दूसरे स्थान पर कब्जा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार,देवरिया। गौरी बाजार के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल विशुनपुरा बखरा गौरी बाजार देवरिया की छात्राओं ने जनपद स्तर पर हुई प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर 25 विद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। आपको बताते चलें कि आज के समय में इंटरनेट कितना महत्वपूर्ण हो गया है और हर व्यक्ति इससे जुड़ना चाहता है लेकिन उसका इस्तेमाल कैसे किया जाए इस बात की सही जानकारी नहीं है, क्योंकि इस इंटरनेट के जरिए हमें प्रतिदिन किसी न किसी रूप में ठगी का शिकार होना पड़ता है। इसी क्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भारत सरकार और जनार्दन प्रसाद मेमोरियल मल्टीपरपज सोशल सर्विस सोसायटी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में चल साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आज अंतिम चरण पूरा हुआ तथा उसी क्रम में देवरिया स्थित रेणुका इन होटल में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें 25 विद्यालय के छात्राओं ने प्रतिभाग किया और अपनी अपनी प्रस्तुति पोस्टर दिखाकर तथा आनलाईन क्विज के माध्यम से दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साइबर क्राइम ब्रांच गोरखपुर से आए एस आई उपेन्द्र कुमार सिंह जी ने अपने बहुमूल्य समय में से कुछ समय निकाल कर बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में अवगत कराया। निर्णायक के रूप में सौमिक, हसन रजा तथा इस पूरे प्रशिक्षण के दौरान शुरू से अंत तक सक्रिय एवं महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिवम तिवारी रहे। इस प्रतियोगिता की प्रथम विजेता सनबीम स्कूल, द्वितीय विजेता एस बी टी पब्लिक स्कूल विशुनपुरा, बखरा, गौरी बाजार, देवरिया तथा तृतीय विजेता राजकीय इंटर कालेज देवरिया की छात्राएं रहीं। संस्थान की तरफ से उन्हें ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी व प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाइयां दी। विद्यालय पहुंचने पर इन छात्राओं को विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी प्रशासक अबू दानिश व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी शुभकामनाएं व बधाइयां दीं।







# प्रथम संस्था द्वारा समर कैंप का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता स्थानीय बीरपुर विशेन ग्रामसभा कि दरजी पुरवा में समर कैम का आयोजन किया गया जिसमें ।त्च् एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अशोक कुमार सिंह और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन स्टेट टीम से रोहित कुमार यादव जी जनपदीय कार्यकर्ता शिवेंद्र वर्मा जी दुर्गा प्रसाद द्विवेदी जी और कम अपोजिट विद्यालय की अध्यापिका सीमा बानो ने प्रतिभाग किया जिसमें संस्था की तरफ से बच्चों की अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से खेल के माध्यम से मूलभूत साक्षरता संख्यात्मक ज्ञान के बोध से अवगत कराया गया इस कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों के अभिभावक और भाई–बहन उपस्थित रहे कार्यक्रम बहुत ही रोचक और आनंददायक रहा बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा प्रतिदिन इस प्रकार से गर्मियों की छुट्टियों में कक्षा का संचालन स्वयंसेवी के माध्यम से किया जाएगा।





# पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सात वाहनों का किया 13000 का चालान

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। जनपद गोंडा के थाना तरबगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी भानपुर की पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग कर सात वाहनों का किया ध्13000 का चालान भानपुर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गोंडा के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सात वाहनों का ध्13000 का चालान काटा गया इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने सहित अन्य विषयों की जानकारी दी गई बाइक चालकों को बताया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं जिससे कि दुर्घटना से बचा जा सके और यातायात नियमों का पालन करें बाइक चलाते समय मोबाइल से बात ना करें या मोबाइल में लीड लगाकर बात ना करें ऐसा करने से आपके आगे या पीछे से आने वाले वाहनों की आवाज आपको सुनाई नहीं देगी और आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं वाहन चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने बाइक चालकों को जागरूक करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी और गाड़ी चलाते समय लापरवाही ना करने का सख्त हिदायत दिया उन्होंने कहा कि अगर कोई भी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी मंगलवार को हुई वाहन चेकिंग 7 बाइक चालकों का ध्13000 का चालान काटा गया।





# नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो चुकी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो चुकी है। सफाई कर्मी केवल मुख्य राजमार्ग की सफाई को अपना कर्तव्य मानकर इसे पूरा करने में लगे हैं। गलियों के सड़कों की सफाई, नाली की सफाई पूरी तरह डगमगा गई है। कूड़े की उठान कई–कई दिनों तक नहीं हो रही है। अनेक स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर बहने से मंदिरों पर जाने वाले दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्य नगर में नगरपालिका जूनियर हाई स्कूल के पास, गुरुद्वारा के पीछे की गली, गोंडा मोड़ से घोसियाना जाने वाली गली, आर्य नगर कांशीराम कॉलोनी जाने वाले मार्ग की दशा शोचनीय है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाई कर्मियों के नियमित रूप से न आने के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सफाई का निरीक्षण करने के लिए तैनात सफाई नायक भी उदासीन बने हुए हैं। श्रीराम, मनोज कुमार, सुनील कुमार, संतोष सोनी समेत अनेक लोगों का कहना है कि सफाई अव्यवस्थित होने के कारण जलजमाव की समस्या हो रही है। मच्छरों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम संतोष ओझा का कहना है कि राजस्व कर्मचारी को भेज कर वार्डों की सफाई व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।





# मानक मूल्यों से अधिक मूल्यों पर खादों का विक्रय कर रहे खाद विक्रेता

## कसानों के गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ करने मे नही छोड़ रहे कोई कसर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। प्रधानमंत्री किसान समृध्दि केंद्र के बोर्ड के आड़ मे किसानों को पलीता लगा कर सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और मानक मूल्यों से अधिक मूल्यों पर खादों का विक्रय कर किसानों के गाड़ी कमाई पर हाथ साफ करने में जुटे हुए हैं। जबकि जिला अधिकारी के द्वारा सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया है कि सभी विक्रेता दुकानों पर डिस्प्ले बोर्ड रेड बोर्ड स्टॉक बोर्ड तथा किसानो को बिक्री के रसीद साथ अवश्य दें। लेकिन संबंधित दुकानदारों के द्वारा स्टाक बोर्ड पर विवरण न अंकित करते हुए खादो व बीजों की बिक्री की जा रही है जबकि कस्बा आर्य नगर में संचालित राधेश्याम खाद भंडार एवं फुटकर विक्रेता के स्टाक बोर्ड पर खादों का विवरण नहीं लिखा गया जिसको पूर्व में भौतिक स्टाक एवं पीओएस मशीन में स्टाक अंतर मिला था जिस पर कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित कर नोटिस जारी किया गया था तथा इसी संबंध में जिला कृषि अधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण की भी मांग किया गया था लेकिन दुकानदार के हौसले बुलंद हैं। मन माने मूल्यों की वसूली कर खादों व अन्य सामानों की ब्रिकी किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही है विकासखंड रूपईडीह के आर्य नगर, गोकरननाथ शिवाला, घुचवापुर कोचवा, मल्लापुर, दुल्हापुर पहाड़ी, मंगलनगर, कौडिया, खान चौराहा, भवानियापुर चौराहा, विशुनापुर, खरगूपुर बाजार सहित क्षेत्र के कस्बों में यूरिया खाद 290 रूपये प्रति बोरी व डीएपी 1350 रूपये प्रति बोरी के रेट पर बेची जा रही है लेकिन संबंधित अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जा रहे हैं।







# सरकारी धन का हो रहा बंदर बाट, भ्रष्टाचार की भेट चड़ रहा निर्माणाधीन पंचायत भवन

## लीपापोती में जुटे सेक्टर प्रभारी अखिर जांच में भेजे गए सेक्टर प्रभारी ने ठक्व् को क्यों नहीं दी जांच रिपोर्ट योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त को दी जा रही चुनौती

बृजभूषण तिवारी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। सरकार के मनसा के विपरित हो रहा पंचायत भवन का निर्माण। ग्राम पंचायत में विकास की रूपरेखा तैयार कर कार्यों का क्रियान्वयन करने के लिए पंचायत भवनों का निर्माण प्रदेश सरकार के द्वारा कराए जाने का निर्देश है लेकिन संबंधित अधिकारियों के द्वारा पंचायत भवन निर्माण को अनियमितताओं की भेंट चढ़ाने में जुटे हुए हैं। मानक विहीन पंचायत भवन निर्माण कार्य कर के इति कर रहे हैं जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत परसौरा महेशपुर से जुड़ा हुआ है जहां पर पंचायत भवन का निर्माण कार्य मानक विहीन किया जा रहा है जानकारों की मानें तो पंचायत भवन निर्माण कार्य में पीले व दोयम ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। अन्य सामग्री में मानक के अनुसार प्रयोग नहीं हो रहा है जबकि प्रदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत भवन निर्माण के लिए चौदह लाख पचास हजार रूपए आवंटित किया गया है। सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा पंचायत भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितताओं की भेंट चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और धनो का दुरपयोग कर बंदर बांट किया जा रहा है।






**खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि जानकारी में है सेक्टर प्रभारी को जांच के लिए भेजा गया था अभी उनसे बात नहीं हो पाई है। अगर जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।**

# कार और ट्रक के टक्कर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

भाटपाररानी,देवरिया। जिले के रुद्रपुर कस्बा के भरटोला वार्ड के निवासी अधिवक्ता आनंद प्रकाश मिश्रा का परिवार क्रेटा गाड़ी से रुद्रपुर से मैरवा स्थित हरेराम बाबा के धाम पर उपनयन संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहा था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था वहीयारी बघेल के समीप मैरवा सलेमपुर मार्ग पर आमने–सामने ट्रक से क्रेटा गाड़ी का भिड़ंत हो गया टक्कर इतना भीषण था कि क्रेटा गाड़ी में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 4 लोग घायल हो गए। क्रेटा गाड़ी में सवार प्रमिला देवी 50 वर्ष पत्नी श्री प्रकाश मिश्रा त्रिशूली देवी 40 वर्ष पत्नी आनंद प्रकाश मिश्रा गीता देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी चंद्र प्रकाश मिश्रा सिद्धि उम्र 3 वर्ष पुत्री रिंकू तिवारी एवं कार चालक अरशद उम्र 32 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई तथा 4 लोग घायल जिनमें रिंकू तिवारी कान्हा मिश्रा देवेश मिश्रा और अंजना तिवारी शामिल है जिसमें से 2 लोग जो गंभीर रूप से घायल हैं को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी विनय कुमार यादव थानाध्यक्ष भाटपार रानी क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय आनंद पियूष उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपार रानी पर पहुंचकर घायलों का उपचार एवं घटनाक्रम के बारे में जायजा लिया। परिजनों एवं रिश्तेदारों का रो–रो कर बुरा हाल है।

# मुख्यमंती माटीकला रोजगार योजना के लिये ले ऋण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु जनपद–सिद्धार्थनगर के शहरीध्ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवकध् नवयुवतियों को माटीकला (कुम्हारी) से सम्बन्धित व्यवसायिक गतिविधियों जैसे–खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद (प्रेशर कुकर, घड़ा, सुराही, जग, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, अचारदानी, कप प्लेट आदि) व भवन निर्माण सामग्री (फ्लोर टाईल्स, रूफ, टाईल्स, लैट्रिंग पैन पाइप, वास बेसिन) एवं सजावटी समान (गुलदस्ता, गमला लैम्प आदि) के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऋण आवेदन पत्रों की मांग की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष तक होनी चाहिए। इस योजना में आवेदक को रू0–10.00 लाख तक ऋण राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ–साथ सहकारी ग्राम्य विकास बैंक (स्क्ठ) के माध्यम से कराने की व्यवस्था है। परियोजना लागत में कार्यशील पूंजी को छोड़कर पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान (सब्सिडी) राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य है। स्वरोजगार हेतु इच्छुक लाभार्थी मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय ,द्वितीय तल विकास भवन–सिद्धार्थनगर से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि–31.05.2023 है। साक्षात्कार शासन द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। सूचना अलग से दी जायेगी। अधिक जानकारी हेतु मो0नं0– 9580503136, 7752884707, 9453938215 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिवदत्त ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# वि.ख0 वर्डपुर मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। चलाये जा रहे कार्यक्रम जल जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना अंतर्गत वि.ख० वर्डपुर मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था फैल्कान से आये प्रशिक्षको ने जल जांच करके उनकी गुणवत्ता के बारे मे बताया साथ ही क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के बारे मे लोगो को बताया साथ ही दूषित पेय जल से होने वाली बीमारियो के बारे बताया। कार्यक्रम में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पं), कार्य क्रम के जिला परियोजना समन्वक तौकीर आजम, सहायक गोविन्द सिंह, तरुण त्रिपाठी, सन्तोष त्रिपाठी एवं ग्राम पंचायतो से आयी आंगनबाडी कार्यकत्री आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पं ने टीमों को हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पंचायतो के लिए रवाना किया। उक्त आशय की जानकारी जिला परियोजना समन्वयक तौकीर आजम ने अपने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।





# रोजगारपरक योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का निस्तारण किया जाये : मुख्य विकास अधिकारी





दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर आत्म निर्भर निधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन योजना के तहत बैंकर्स द्वारा लोगो के स्वीकृतध्अस्वीकृत किये गये बैंक लोन के प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स समिति के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर आत्म निर्भर योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, केन्द्र सरकार महत्वपूर्ण योजना है, इन योजनाओं के द्वारा लाभार्थियों के लोन स्वीकृत होने पर उन्हें व्यवसाय करने में काफी सहायता मिलती है,जिससे वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हैं। इसी प्रकार से पशु पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड, पशु पालन योजना के अन्तर्गत लोन स्वीकृत होने पर उन्हें पशुओं के माध्यम से रोजगार करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि बैंकों में किसी भी योजना के लाभार्थी द्वारा व्यवसाय हेतु विभागों द्वारा स्वीकृत की गयी फाइलों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद ही फाइलों को रिजेक्ट करने की कार्यवाही की जाये, यदि फाइलों में विशेष कोई दिक्कत न हो तो अनावश्यक रूप से लोन सम्बन्धित फाइलों को रिजेक्ट न किया जायें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर बैंक ऋण से सम्बन्धित प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना, पं0 दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधान मंत्री सुरक्षा फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्य मंत्री युवा रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बन्धित लाभार्थियों के कैम्प का आयोजन करें और उसमें लाभार्थियों के पत्रावलियों को जमा कर उसका शीघ्र निस्तारण करें और पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजना से लाभान्वित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र, एल0डी0एम0 अरूण कुमार पाण्डेय, डी0सी0 एन0आरए0एल0एम0 ए0के0 जौहरी, उप निदेशक कृषि डी0के0 गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 810 ग्राम हेरोईन के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश व मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज, एसओजीध्स्वाट, सर्विलांस टीम सोनभद्र के अथक प्रयास से मंगलवार को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 02 अभियुक्तों को 810 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपया लगभग 81 लाख) के साथ वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत सन बीम स्कूल तिराहा वहद ग्राम बिच्छी से घेरा बन्दी कर दिन में लगभग 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 01 नफर अभियुक्त फरार हो गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 298ध् 2023 धारा 8ध्21 छक्चै । बज अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार अभियुक्त की तलाश टीम बनाकर की जा रही है मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज, एसओजीध्स्वाट, सर्विलांस टीम सोनभद्र द्वारा ग्राम बिच्छी वाराणसी शकितनगर मार्ग पर 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा मौके से 01 नफर अभियुक्त फरार हो गया।



पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से कुल 810 ग्राम हेरोईन (कीमत लगभग इक्यासी लाख रुपये) बरामद किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, यह गिरोह मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी करता है, हिरोईन की बड़ी खेप लखनऊ से लाकर रॉबर्ट्सगंज व आस–पास के क्षेत्रों में बेचते है। उक्त गिरफ्तार शुदा व्यक्ति वाराणसी की तरफ से आने वाली बस से सन बीम स्कूल तिराहा पर पिट्ठू बैग लेकर उतरे थे तथा मोटर साइकिल सवार वांछित अरुण सोनकर को हेरोइन दे रहे थे कि पुलिस टीम की दबिश से अरुण सोनकर फरार हो गया और राजा सोनी तथा सूरज सोनकर मय हेरोइन पकड़े गये।

## भीषण गर्मी से तड़प रहे पक्षियों की मदद को आगे आये युवा: राम अवध यादव



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। युवा सामाजिक संगठन युवा भारत ट्रस्ट एंव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के संयुक्त प्रयास से म्योरपुर ब्लॉक के किरबिल ग्राम पंचायत में म्योरपुर ब्लॉक के ब्लॉक प्रभारी राम अवध यादव के नेतृत्व में मानवीय संवेदना को व्यक्त करते हुए पक्षियों की भूख व प्यास मिटाने के लिये दाने व पानी का प्रबन्ध किया गया। राम अवध यादव ने बताया के हम सभी युवाओं के आदर्श यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी के द्वारा विगत कई वर्षों से गर्मी के दिनों में भूख व प्यास से तड़प रहे पक्षियों के लिए खाने व पानी के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रेरित होकर अब तक कई लोग हमारे साथ जुड़ चुके हैं। राम अवध ने बताया कि युवाओं के ऊपर देश की तरक्की में योगदान के साथ–साथ मानवता के लिए भी कार्य करने की जिम्मेदारी है और हम सभी युवाओं की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम कुछ रचनात्मक और जनहित का कार्य कर समाज के लिए मिसाल पेश करें। इसलिए हम युवाओं की ये जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने साथ–साथ बेजुबान पक्षियों की भी मदद करें और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित भी करें। इसी क्रम में इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए म्योरपुर ब्लॉक के किरबिल गांव के पेड़ पर कसोरा बांधकर पक्षियों की भूख व प्यास मिटाने के लिए दाने व पानी का प्रबन्ध किया गया। ग्राम विकास मिशन के अध्यक्ष गीतापति एंव उपाध्यक्ष देवकिशुन ने कहा कि यह अभियान पूरे गर्मी भर जगह–जगह चलाया जायेगा। उक्त अवसर पर प्रदीप कुमार, सियाराम, राम मिलन, जीतमन व पंचू आदि लोग उपस्थित रहे।

# कौशल विकास मिशन के तहत छात्र–छात्राओं को वितरित हुए प्रमाण पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर विकास खंड अंतर्गत मारकुंडी स्थित उ प्र कौशल विकास मिशन कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर मंगलवार को विभिन्न समेस्टर में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कराया गया। संस्था प्रबंधक मीनू चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कौशल प्रशिक्षण केंद्र के नेतृत्व में सिलाई, बुनाई, कंप्यूटर, हैंड एंब्रायडर सहित विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों के प्रशिक्षित के छात्र–छात्राओंको मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राम सकल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कराया गया वही मौजूद राज्यसभा सांसद राम सकल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सरकार द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है यह सुविधा हर वर्ग हर जात धर्म मजहब के लोगों के लिए हैं जिनको



- **डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहै देश व प्रदेश के युवा**
- **खिलाई बुनाई कंप्यूटर सहित अन्य में उत्तरण छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं**

लेकर किसी प्रकार से कोई भेदभाव नहीं है आप लोग बेहतर तरीके से शिक्षा प्राप्त करें और एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचे जिसके लिए सरकार आपको हर प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराई रही हैं उसी क्रम में उ प्र कौशल विकास मिशन कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्य दिए जाते हैं जिससे कि हर क्षेत्रों में बच्चे अपने तरीके का ज्ञाआन उपलब्ध करते हुए स्वावलंबी बने और बेहतर बनाने के सरकार उनको डिजिटल प्रणाली से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं जिनमें लैपटॉप टेबलेट टॉपर बच्चों में वितरित कर उनको डिजिटल शिक्षा से जोड़कर एक बेहतर कल की शुरुआत भाजपा सरकार कर रही है। सांसद रामसकल ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है वही पिछड़े जनपद में शिक्षा का स्कोप बढ़ रहा है जिसको लेकर अच्छा संदेश प्रदेश में व देश में जनपद का मिल रहा है जिसमें सभी संस्थाओं व विद्यालयों का काफी सहयोग के साथ सरकार के चलाई जा रही योजनाओं का लाभ छात्र–छात्राएं बढ़–चढ़कर उठाएं लाभ। इस मौके पर ,मीनू चौबे, संजय सिंह ,प्रिंस श्रीवास्तव अंशु चौबे रितेश राहुल सीमा सुमन पवन आदि लोग मौजूद रहे।

## बीज सोधन व भूमि सोधन का कार्य उचित होगा– जनार्दन कटियार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार ने किसान भाइयों का ध्यान खरीफ की फसलों की बुवाई एवं रोपाई की तरफ आकृष्ट कराते हुए अवगत कराना है कि फसलों के बुवाई से पूर्व बीजशोधन एवं भूमिशोधन का कार्य करना उचित होगा क्योंकि बीजशोधन करने से बीज के साथ सलग्न रोगों के बीजाणु एवं कीटो के अण्डाणु एवं लार्वा नष्ट हो जाते है। भूमिशोधन से पूर्व भूमि की गहरी जुताई करने पर भूमि में पाये जाने वाले रोगों के बीजाणु एवं कीटो के अण्डाणु एवं लार्वा भी नष्ट हो जाते है। अंतिम जुताई के समय निम्न विधियों से भूमिशोधन करें। उन्होंने बताया कि दीमक के प्रकोप की सम्भावना होने पर ब्यूवेरिया बसियाना 2.5 किग्रा० प्रति हे० की दर से 60–70 किग्रा० गोबर की सड़ी खाद में मिला कर प्रयोग करें अथवा क्लोरपायरीफॉस 20 प्रतिशत 2 से 3 लीटर प्रति हे0 की दर से भूमिशोधन करना चाहिए। अरहर उर्द, मूंग एवं मूंगफली की फसल को जड़ सडन एवं उकठा रोग से बचाव हेतु 2.5 किग्रा ट्राइकोडरमा को 60–70 किग्रा0 गोबर की सड़ी खाद में मिला कर प्रयोग करें। धान की फसल को झोका रोग (ब्लास्ट) से बचाव हेतु स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस द्वारा 500 ग्राम ध् हेक्टेयर की दर से भूमिशोधन कर लेना चाहिए। यदि धान रोपाई के समय 2.5 से 3.0 किग्रा ट्राइकोडरमा प्रति हेक्टयर भूमि शोधन करें तो फसल में हरदिया रोग नही लगेगा और फसल अच्छी होगी। धान की फसल को मिथ्या कण्डुआ (थ्ंसेम उनज) बचाव हेतु बीज शोधन 4 ग्राम प्रति किग्रा बीज ट्राइकोडरमा या कार्वेन्डाजिम 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम अथवा थीरम 3 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से बीजशोधन करने से फायदा अवश्य होगा क्योकि बीजशोधन करने से कम खर्च में ही फसलों को रोगों से पूर्णतया निजात मिल जाती है। धान की फसल में जीवाणु झुलसा (बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट) नियंत्रण हेतु 15 ग्राम स्ट्रप्टोमाइसिन सल्फेट 90 प्रतिशतघ्घ घ्घ टेट्रासाइक्लीन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत के द्वारा बीजशोधन करें।

**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**

सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## शांति भंग की आशंका में 10 गिरफ्तार कर चालान किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम मे जनपद



बस्ती मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश व क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय की पुलिस द्वारा ग्राम कालानी कला, ग्राम कल्याणपुर, व ग्राम भदोही ,कलानी कला व अन्य गांवो में पहुँचे तो ज्ञात हुआ कि कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे थे। मौके पर पहुचकर हम पुलिस वालो द्वारा काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन मानने के बजाय अभियुक्त और उग्र होकर आमदा फौजदारी होने लगा को शांति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 151ध107ध116 ब्तच्ब् मे चालान किया गया है। जिनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## पुरानी पेंसन बहाली बिभिन्न संगठनों द्वारा बहाली की मांग, करमा में प्रवेश, स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के तत्वावधान में आयोजित वन नेशन वन पेंशन की बहाली की माग को लेकर कर्मचारियों के विभिन्न 26संगठनो द्वारालखनऊ से चलकर मंगलवार को 5 बजे सोनभद्र के करमा में प्रवेश करने पर सोनभद्र के कर्मचारियों द्वारा आए हुए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कर्मचारियों ने पेंशन बहाली को लेकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब तक परिभाषित गारंटीयु क्त पुरानी पेंशन स्कीम लागू न हो जाय तब तक संयुक्त मंच का संघर्ष जारी रहेगा। अवसर पर रवि प्रकाश मौर्य, विंध्यवासिनी मिश्रा, नेसार अहमद, छोटेलाल यादव, विजय यादव, शैलेंद्र पति त्रिपाठी, मो, सलाउद्दीन, शिक्षक संगठन से धीरेंद्र पति त्रिपाठी, अशोक तिवारी, मानिक चंद्र, जगदीश गुप्ता, कृष्ण कुमार मौर्य, समरजीत, राम कृण, शिव प्रसाद तिवारी, विजय भान, अनिल सिंह, संतोष पाण्डेय, महेंद्र जायसवाल, आशा भारती, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर,जय कपीस तिहुं लोक उजागर



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। जिले में शहर से लेकर गांव कस्बा तक जय हनुमान ज्ञान गुर सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर जैसे भजनों व हनुमान चालीसा के पाठों से गूंजता रहा। हर तरफ बस बजरंगी धुन से हर कोई मंत्र मुग्ध रहा। छोटे से लेकर बड़े गरीब से लेकर अमीर जब एक लाइन में खड़ें होकर बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण करते रहे। मंगलवार जिले में ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को हनुमान भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर गांव कस्बों में सजे पंडालों में प्रसाद का वितरण होता रहा। ऐसे ही आईटीआई रोड स्थित मेडिसन हास्पिटल के प्रबंधक हाकिम सिंह ने ज्येष्ठ मास के मंगलवार के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया। जहां सुंदरकांड के पाठ के बाद लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर डा. अविनाश पाण्डेय, डा. अजय विक्रम सिंह, डा. संतोष यादव, डा. सलीम खां, डा. इरफान खां, डा. जावेद अहमर सिद्दीकी अभिषेक पाठक, विपिन सिंह, उदित सिंह, मिक्की मिश्रा, सोनू समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बॉलीवुड के राइजिंग स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी ने फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में बनाई जगह

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री अपने प्रतिभाशाली अभिनेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करता है, और आज हम यहां सिद्धांत चतुर्वेदी की जीत का जश्न मना रहे हैं जिन्होंने फोर्ब्स एशिया की प्रतिष्ठित 30 अंडर 30 लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर बलिया से आने वाले सिद्धांत ने अपने चार्म और बेहतरीन एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं।

सिद्धांत चतुर्वेदी की लोकप्रियता में उनकी डेडिकेशन, जुनून और अद्वितीय टैलेंट का खूब हाथ है। अपनी विनम्र शुरुआत से लेकर भारत के सबसे होनहार अभिनेताओं में से एक बनने तक, सिद्धांत की यात्रा किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं रही हैं। अपनी हर भूमिका के साथ वह दर्शकों को बांधे रखते हैं और एक अमिट छाप छोड़ते हैं।

फोर्ब्स एशिया 30 अंडर 30 लिस्ट उन व्यक्तियों को पहचानती है जिन्होंने अपने फील्ड में अहम योगदान दिया है, और सिद्धांत का फिल्म इंडस्ट्री में शामिल होना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी प्रतिभा पर रोशनी डालता है और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता का सबूत भी पेश करता है।

क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्म गली बॉय में एमसी शेर के रूप में अपनी सफल भूमिका के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने सबके होश उड़ा दिए। एक स्ट्रीट रैपर के मेंटर के उनके किरदार ने आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से तारीफ हासिल की, जिसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स और नॉमिनेशन्स भी मिले। उनकी गतिशील ऑन–स्क्रीन उपस्थिति



और उनके कैरेक्टर्स में गहराई लाने की क्षमता ने उन्हें फिल्मी जगत में एक ताकत बना दिया है।

गली बॉय की सफलता के बाद सिद्धांत ने अपने डाइवर्स च्वाइस की भूमिकाओं के साथ फिल्म इंडस्ट्री में लहरें पैदा करना जारी रखा हैं। चाहे वह एक आकर्षक रोमांटिक लीड हो, एक कॉम्प्लेक्स और ब्रूडिंग किरदार हो, या एक कॉमिक रोल हो, वह सहजता से अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार में जान फूंक देते हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के चलते उनका एक समर्पित फैनबेस भी है और उन्होंने बॉलीवुड में एक उभरते हुए सितारे के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

अपने अभिनय कौशल के अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी के पास एक अनोखा चार्म है जो दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होता है। उनकी विनम्रता, डाउन–टू–अर्थ नेचर और संक्रामक मुस्कान ने उन्हें मीडिया का फेवरेट और उनके सहयोगियों के बीच पसंदीदा बना दिया है। सिद्धांत अपनी बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, जमीन से जुड़े रहें और अपने शिल्प के प्रति कमिटेड रहें, सीमाओं को पार करने और असाधारण प्रदर्शन देने के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं।

फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में सिद्धांत का शामिल होना एक रिमाइंडर है कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती है। उनकी उपलब्धियां न केवल महत्वाकांक्षी अभिनेताओं बल्कि सभी फील्ड्स के युवाओं को अपने सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं।

जैसे–जैसे सिद्धांत चतुर्वेदी के सितारें बढ़ रहे हैं, वे महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में काम करते हैं जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं। अपने शिल्प के प्रति उनका डेडिकेशन, उनके संक्रामक जुनून के साथ, अगली पीढ़ी की प्रतिभा के लिए एक प्रेरणा है। हर परियोजना के साथ वह अपनी लिमिट्स को आगे बढ़ा रहे हैं और एक्सीलेंस के लिए नए बेंचमार्क स्थापित करते हैं।

हम सिद्धांत चतुर्वेदी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। अब जब वह फोर्ब्स एशिया के 30 अंडर 30 के प्रतिष्ठित रैंक में शामिल हो चुके हैं, तो हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले सालों में वह सिल्वर स्क्रीन पर अपनी गहरी चमक बिखेरते नजर आएंगे। उनकी सफलता युवा कलाकारों को खुद पर विश्वास करने और निडर होकर अपने सपनों का पीछा करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम करे।

कह सकते है, सिद्धांत चतुर्वेदी ने देश को गौरवान्वित किया है, और हम उम्मीद करते है कि आप आगे भी अपने शानदार काम से देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेंगे।

## सुरवीन चावला एक दशक के बाद कान फिल्म फेस्टिवल में होंगी शामिल

एक्ट्रेस सुरवीन चावला प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में नजर आएंगी। प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में सुरवीन का यह दूसरा मौका है। उन्होंने 2013 में कान में अपनी फिल्म



अग्ली के लिए शुरूआत की थी। इस बारे में बात करते हुए सुरवीन ने कहा, मैं प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में दूसरी बार जाने को लेकर उत्साहित हूं। कान मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है और इस प्रतिष्ठित रेड कार्पेट का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे साल के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक में भाग लेने का मौका मिला, जिसमें फिल्म दिग्गज, फैशन एक्सपर्ट्स और मनोरंजन इंडस्ट्री के सबसे बड़े नाम शामिल हुए। मैं हाई फैशन लेंस के माध्यम से हमारी वाइब्रेंट कल्चर का एक हिस्सा प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हूं। सारा अली खान, ऐश्वर्या राय बच्चन, उर्वशी रौतेला सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने वहां रेड कार्पेट पर अपना बेस्ट फैशन पेश किया।




## देवरा बनकर सिनेमाई परदे पर गदर मचाएंगे जूनियर एनटीआर, साथ होंगी जाह्नवी कपूर



आरआरआर के बाद अपनी अगली फिल्म निर्देशक शिवा कोराताला के साथ लेकर आने वाले जूनियर एनटीआर ने हाल ही में अपना 40वां जन्म दिन मनाया है। इस खुशी के मौके पर कोराताला शिवा की टीम ने अपनी फिल्म के टाइटल व प्रदर्शन तिथि की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का देवरा है और यह 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में पैन इंडिया प्रदर्शित की जाएगी। आरआरआर के बाद से जूनियर एनटीआर का क्रेज हिन्दी भाषी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते अब उनकी फिल्मों को हिन्दी में प्रदर्शित किया जाएगा।

जाह्नवी कपूर संग रोमांस करेंगे जूनियर एनटीआरः गौरतलब है कि जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोराताला शिवा की इस फिल्म में हिन्दी फिल्मों में नजर आ रही जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसका धमाकेदार ऐलान मेकर्स ने कुछ वक्त पहले ही किया था। जाह्नवी कपूर की यह पहली साउथ फिल्म होगी। जिसमें वो जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरताला शिवा की ये फिल्म एक पैन इंडिया रिलीज होगी। यही वजह है कि इस फिल्म को मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं।

जूनियर एनटीआर–कोरताला शिवा ने दूसरी बार मिलाया है हाथः खास बात यह है कि जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा इससे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म जनता गैराज में एक साथ काम कर चुके हैं। यही वजह है कि इस फिल्म से भी दर्शकों को खासी उम्मीदें हैं। जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा की इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल और अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आई थीं। फिल्म की बंपर सक्सेस के बाद अब दूसरी बार ये स्टार एक्टर–डायरेक्टर की जोड़ी दोबारा धमाल मचाने की तैयारी में हैं।

कोरताला शिवा के लिए बेहद जरूरी है जूनियर एनटीआर की फिल्मः याद दिला दें कि निर्देशक कोरताला शिवा ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री को कई शानदार और सुपरहिट फिल्में दी हैं। मगर बीती दफा सुपरस्टार राम चरण और चिरंजीवी संग आई उनकी फिल्म आचार्य थियेटर्स में धमाल नहीं मचा पाई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। जिसकी वजह से कोराताला शिवा भारी कर्जे में डूब गए थे। इस मुश्किल वक्त में निर्देशक को जूनियर एनटीआर ने सपोर्ट किया। अब देखना दिलचस्प होगा कि उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में कैसा प्रदर्शन कर सकेगी।

## लियो के बाद अपनी अगली फिल्म के लिए थलापति विजय ने वेंकट प्रभु संग मिलाया हाथ



इस वर्ष जनवरी माह में वारिसु में नजर आए थलापति विजय अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गए हैं। सिने गलियारों में बहती हवाओं ने कहा है कि थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक वेंकट प्रभु संग हाथ मिलाया है। जब से यह समाचार गलियारों में फैला है उद्योग को हैरानी हो रही है। कहा जा रहा है एक असफल निर्देशक के साथ क्यूंकर विजय थलापति काम करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि निर्देशक वेंकट प्रभु की हालिया प्रदर्शित फिल्म कस्टडी बॉक्स ऑफिस पर असफल करार हो गई है। कहा जा रहा है कि थलापति विजय को वेंकट प्रभु का आइडिया पसन्द आया है और उन्होंने उनकी फिल्म को हाँ कर दी है। इससे पहले विजय की 68वीं फिल्म के लिए निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी और निर्देशक एटली की अगली फिल्म के बारे में चर्चा चल रही थी। अचानक से वेंकट प्रभु बीच में कैसे आ गए इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

हालांकि इन दिनों थलापति विजय निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म लियो को पूरा करने में लगे हुए हैं। वारिसु के जरिये हिन्दी भाषी दर्शकों को अपने साथ जोडने में सफल रहे थलापति की अब सभी फिल्मों को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किए जाने की चर्चाएँ हैं। कहा जा रहा है कि लियो को कनगराज तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड और हिन्दी में प्रदर्शित करेंगे। कनगराज की पिछली प्रदर्शित फिल्म विक्रम भी पैन इंडिया प्रदर्शित हुई थी।

मीडिया समाचारों के अनुसार थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए 200 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। थलापति विजय ने अपनी अगली फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री के पॉपुलर डायरेक्टर वेंकट प्रभु के साथ हाथ मिलाया है। बताया जा रहा है कि थलापति विजय को ये रकम एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा दी जाएगी। हालांकि, थलापति विजय को 200 करोड़ रुपये की फीस वाली बात की पुष्टि नहीं हुई है। इसको लेकर मेकर्स या अभिनेता की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। बताते चलें कि एजीएस एंटरटेनमेंट वही कंपनी है जिसने साल 2019 में रिलीज हुई थलापति विजय की फिल्म बिगिल को प्रोड्यूस किया था।

थलापति विजय के वर्क फ्रंट की बात करे तो पिछली बार जनवरी, 2023 में रिलीज हुई फिल्म वारिसु में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। अब थलापति विजय डायरेक्टर लोकेश कनगराज की फिल्म लियोश में काम करते दिखाई देंगे। फिल्म लियो में थलापति विजय के अलावा संजय दत्त और तृषा कृष्णन भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म लियो को लेकर बताया जा रहा है कि इसमें थलापति विजय के पिता की भूमिका में संजय दत्त नजर आएंगे। ये फिल्म गैंगस्टर थ्रिलर बताई जा रही है।